तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 21 अक्टूबर 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

10 ऑपरेटरों की हड़ताल से नया पंजीयन और संशोधन कार्य ठप
12 कुशल और सार्थक जीवन का जीवंत मार्गदर्शक है रामचरित मानस







## बदलाव: मौसम में उतार-चढ़ाव से उमस बढ़ी

# दिनभर रही तेज धूप, शाम को झमाझम बारिश, 24 से चक्रवात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी में दिनभर तेज धूप रही और शाम होते ही झमाझम बारिश हो गई। इस बारिश से लोगों को उमसभरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है। वहीं रात में कोहरे की स्थिति बन गई। घना कोहरे की वजह से लोगों को आवाजाही में दिक्कतें उठानी पड़ी। चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज में पानी भर गया। जिसकी वजह से लोग परेशान हुए। इस मानसून सीजन में दुर्ग जिले में अच्छी बारिश हुई है लेकिन पिछले साल की तुलना में कम है। एक निम्न दाब का क्षेत्र अरब सागर में बना हुआ है। दोनों के संयुक्त प्रभाव से प्रदेश में प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन लगातार जारी है। जिसके कारण प्रदेश में 21 अक्टूबर को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। 24 से अक्टूबर से बंगाल की खाड़ी में बनने वाले चक्रवात का असर प्रारंभ होने की संभावना बन रही है।


ट्विनसिटी में झमाझम बारिश से चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज पर पानी भर गया।

### 25 मिलीमीटर बारिश इस साल कम

मानसून के इस सीजन में अच्छी बारिश हुई है लेकिन पिछले साल की तुलना में कम है। मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग जिले में इस मानसून सीजन में 736 मिलीमीटर बारिश हुई है। पिछले साल इस समय तक 984०8 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इस तरह पिछले साल की अपेक्षा अब भी 25 मिलीमीटर बारिश कम हुई है।

### इस महीने तक बीच-बीच में होगी बरसात

मौसम विभाग के मुताबिक इस अक्टूबर महीने में सस्टिम में उतार.चढ़ाव बना रहेगी। इसलिए बीच-बीच में कही- कहीं बारिश की स्थिति बनी रहेगी। मानसून की विदाई में ऐसा होना सामान्य है। हाल यह है कि एक ही सेक्टर के कुछ हिस्से में ही बारिश होती है दूसरा हिस्सा सूखा रहता है।

### सुपेला सहित कई इलाकों में बिजली बंद

बारिश के बाद बिजली व्यवस्था भी प्रभावित रही। सुपेला, छावनी, रामनगर, कोहका सहित कई इलाके में बिजली बंद रही। ऐन दिवाली त्योहार सीजन में बिजली बंद होने से व्यापारियों की ग्राहकी पर असर पड़ने लगा है।

### उमस से लोग हलाकान

मौसम की वजह से लोगों को उमसभरी गर्मी से हलाकान होना पड़ रहा है। दिन में तेज धूप और अचानक थोड़ी सी बारिश की वजह से वातावरण में उमस बढ़ गया है। शाम होने के बाद और रात में हवा में नमी आ जाती है और उससे थोड़ी राहत मिलती है। बावजूद इसके पंखे चलाकर लोगों को सोना पड़ रहा है।

### ये सिस्टम है सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर अंडमान सागर के ऊपर स्थित है, इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर अंडमान सागर के ऊपर अगले 24 घंटे में बनने की संभावना है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में 22 अक्टूबर की सुबह, और उसके बाद चक्रवात के रूप में 23 अक्टूबर को पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनने की संभावना है। उसके बाद इसके उत्तर- पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए पश्चिम बंगाल तट पहुंचेगा।

# राज्यपाल और कृषि मंत्री करेंगे 3 हजार से अधिक स्वच्छता वीरों का आज सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर को स्वच्छ बनाने में योगदान देने वालों का सम्मान होगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा 21 अक्टूबर को दोपहर साढ़े 3 बजे से कला मंदिर सिविक सेंटर में इस समारोह का आयोजन किया गया है। 3 हजार लोगों को स्वच्छता वीर सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। राज्यपाल रमेन डेका बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। अध्यक्षता कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व विस अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय और नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल होंगे। समारोह में पावर हाऊस, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, सब्जी मंडी, टाउनशिप मार्केट, सुपेला के बाजार, विभिन्न हाउसिंग सोसायटीज, शहर के होटल व बड़े प्रतिष्ठान, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ टीम, बीएसपी, मैत्री बाग सहित विभिन्न उद्यान, हास्पिटल्स, फायर ब्रिगेड टीम, स्वयंसिद्धा, शपथ, मां शारदा चैरिटेबल ग्रुप, बीएसपी नगर सेवाएं विभाग और निगम भिलाई की स्वच्छता के सिपाहियों, मेडिकल वेस्ट को अलग करने का कार्य करने वाली स्वच्छता दीदीयों सहित चयनित आदि का सम्मान होगा।



## आरक्षक के मकान से सोना चांदी व नकदी पार

भिलाई। आरक्षक के मकान से सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाला आरक्षक कोशल सिन्हा अपने ड्यूटी पर गया हुआ था। घर पर उनकी पत्नी और बच्चे खाना खाकर सोए हुए थे। इस दौरान अज्ञात चोर मकान के भीतर प्रवेश कर आलमारी को राड से तोड़कर सोना चांदी के जेवरात को पार कर दिया। अज्ञात व्यक्ति पेंट व फुल बाह का टी-शर्ट पहनकर घर में प्रवेश किया था। आलमारी से नगदी रकम भी गायब मिला है। आरक्षक की पत्नी ने चोर को देख चिल्लाने का प्रयास किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दे डाला। मकान से 95 हजार रुपए का सामान गायब मिला है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया।




## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**7987328736, 7489348301**


# पोते ने की त्रिशूल से दादी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दादा से विवाद के बाद पोते ने दादी की मंदिर परिसर में त्रिशूल से हत्या कर अपने गर्दन पर त्रिशूल से वार कर लिया है। घटना ग्राम ननकट्ठी क्षेत्र का मामला है। पोते को रायपुर के अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है। जहां पोते की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

- मंदिर परिसर में हुई घटना से लोगों में आक्रोश

नंदिनी पुलिस ने बताया कि ननकट्ठी गांव के 35 वर्षीय गुलशन गोस्वामी अपनी 70 वर्षीय दादी रुखमणि गोस्वामी के साथ निवास करता था। गुलशन के माता-पिता रावणभाठा के रायपुर में रहते है। शिवमंदिर के बाजू में ही गुलशन का घर है। गुलशन मंदिर में भगवान शंकर की पूजा करता है। शनिवार की देर शाम गुलशन मंदिर में रखे त्रिशूल से अपनी दादी रुखमणी के सिर पर वार कर मौत के घाट उतार दिया। त्रिशूल लगने से रुखमणि गोस्वामी की मौके पर ही मौत हो गई। दादी के शरीर से निकले खून को उठाकर गुलशन ने शिवलिंग का अभिषेक कर परिसर को खून से लेप कर दिया। इसके बाद पोता गुलशन ने शिव यही है शब्द लिख उसी त्रिशूल को अपने ही गले पर मार लिया। खबर लगते ही मौके पर पहुंची नंदिनी पुलिस ने आरोपी गुलशन को अस्पातल पहुंचाया गया।



### गुलशन की हालत है गंभीर

पुलिस ने बताया कि आरोपी गुलशन की हालत गंभीर बनी हुई। जिसके कारण उसका बयान तक दर्ज नहीं हो पाया है। गुलशन के गले में त्रिशूल से गहरा चोट लगा है। उसका खून अधिक बह गया और वो मंदिर में ही बेहोश होकर पुलिस को पड़ा मिला था। पहले उसे नंदिनी अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया था। गंभीर स्थिति होने पर उसे रायपुर अस्पताल रेफर किया गया है।

### उपचार जारी है

दादी को त्रिशूल से वार कर मौत के घाट उतारा है। आरोपी का उपचार अस्पताल में जारी है। पूछताछ के बाद ही हत्या कारण पता चल पाएगा। पुलिस जांच में जुटी हुई है। मंदिर परिसर के बाजू में आरोपी का निवास है।

-मनीष शर्मा,
टीआई नंदिनी थाना

## पोस्ट मास्टर के साथ ठगी, अपराध दर्ज

भिलाई। पोस्टर मारस्टर के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि डी पाकेट मरौदा सेक्टर निवासी सब पोस्ट मास्टर तारणी ठाकुर ने शिकायत किया है वर्ष 2021 में जमीन खरीदने को लेकर सेक्टर 2 निवासी गुलाब सिंह से मुलाकात हुई। गुलाब सिंह ने ग्राम उमरपोटी में 1575 वर्गफुट भूमि होने का दावा किया। आरोपी के झांसे में आकर उक्त जमीन को खरीदने का सौदा 2021 में 5 लाख 80 हजार रुपए में हुआ। आरोपी ने पीड़िता को जमीन बैंक में बंधक होने की जानकारी दी। इसे लेकर इकरारनामा कर एडवांस के रूप में 4.50 लाख रुपए आरोपी को दिया गया। जिससे भूमि को बंधक मुक्त करवा ले। पीड़िता के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री करा सके। आरोपी ने रजिस्ट्री के लिए के लिए 31 दिसंबर 2021 तय किया। समय बीतने के बाद आरोपी ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराया बल्कि बार-बार बोलने के बाद भी टाल मटोल करता रहा। आरोपी से जमीन के दस्तावेज मांगे गए लेकिन उपलब्ध नहीं कराया। पीड़िता ने पाटन न्यायालय में केस दायर कर न्यायाधीश विजेन्द्र सोनवानी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पाटन की अदालत ने सुनवाई के बाद गुलाब सिंह के खिलाफ जुर्म दर्ज करने का आदेश उतई पुलिस को दिया।




## शासन का आदेश, अब तक 7 तारीख या इसके बाद होती रही है जारी

# निकाय कर्मियों के लिए दीपावली का तोहफा अब महीने की एक तारीख को मिलेगी सैलरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर




निकाय के अधिकारियों और कर्मचारियों को शासन ने दीपावली का तोहफा 15 दिन पहले ही दे दिया है। निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारियों को हर स्थिति में सैलरी महीने की एक तारीफ को जारी कर दी जाएगी। इसे लेकर राज्य शासन ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश नगरीय प्रशासन की अवर सचिव डॉ. ऋतु वर्मा ने जारी किया है। जारी आदेश में उन्होंने यह भी लिखा है कि समय-समय पर यह आदेश जारी किया गया है कि महीने की 7 तारीख तक हर स्थिति में वेतन जारी कर दिया जाए। लेकिन अब से महीने की एक तारीख को ही सैलरी जारी की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निकाय अपनी आय और व्यय में भी संतुलन बनाएं, ताकि जरूरी भुगतान न अटके। अधिकारी और कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल सके।

### हर स्थिति में 65 प्रतिशत से ज्यादा न हो स्थापना व्यय

शासन ने कहा है कि निकाय इस बात को सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में स्थापना व्यय राशि 65 प्रतिशत से ज्यादा न हो। इसे लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी यानी निकायों के सीएमओ और आयुक्त नियमित समीक्षा करें। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर शासन को अवगत कराएं। शासन स्तर पर सभी देय क्षतिपूर्ति समय पर जारी की जा रही है, ताकि निकायों को आर्थिक दिक्कतों का सामना न करना पड़े। लगातार मिल रही शिकायतों को बाद शासन ने यह आदेश जारी किया है। इससे निकायों के कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है।

खबर संक्षेप



## गंज मंडी काम्प्लेक्स की दुकानों का आवंटन शुरू

**दुर्ग।** गंज मंडी के दुकानों का आबंटन शुरू कर दिया गया है। दुकानों का टेंडर पश्चात प्रीमियम राशि जमा करने पत्र भेजा गया है। नगर पालिक निगम द्वारा अपील कर कहा कि किसी को पत्र नहीं मिला हो तो निगम में संपर्क करें एवं अतिशीघ्र प्रीमियम जमा करें। बता दें कि गंजमंडी में सी मार्ट 6 दुकानों में खोला गया है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि साहिल हुसैन, सुखलाल चक्रधारी, धनश्री भानुशाली, मो वसीम, डॉ ममता राय, मनोज गुप्ता, मनोज शर्मा, हर्ष जैन, मुरली शर्मा, कालीकृष्ण यादव, लक्ष्मी कांत राजपूत, गोपी शर्मा, भुनेश्वर परासर, शशि सोनी, शब्बीर चौहान, कुमारी मोहनी राखोडे, अशोक राखोडे, अंकित मनहरे, भारती छाजड़े जैन, लिना देवी जैन, प्रीति जैन के अलावा राजू लाल साहू शामिल है। सभी नगर कार्यालय में पहुंचकर अपना आबंटन हेतु प्रीमियम जमा करवाने कहा गया है।

## बेलौदी आश्रम में मनाया गया शरद पूर्णिमा



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी में शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। कार्यकर्म की शुरुवात सदगुरुके जीवन पर आधारित आसारामयण पाठ, गुरु पादुका पूजन, भजन कीर्तन से किया गया। पूर्णिमा पर आश्रम समिति और बापू के शिष्य के अलावा बेलौदी ग्राम के अन्य लोग भी शामिल हुए। सभी भजन कीर्तन व पाठ का लाभ लिए। अंत में आरती महाप्रसाद के साथ समापन किया गया। रात को चंद्रमा की अमृत वर्षा रोशनी में महाप्रसादी भी बनाई गई। साथ में दमा की आयुर्वेदिक दवाई भी निःशुल्क बांटी गई। समिति द्वारा बताया गया कि दीपावली पर हर साल की तरह इस साल भी जरूरतमंद लोगो को कपड़े, मिठाई और दीप दी जाएगी। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

## मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य शासन के मार्गदर्शी निर्देशों के तहत 03 आवेदकों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर भृत्य के पद पर जिला कार्यालय में पदस्थ किया गया है। कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार श्रीमती मधुबाला यादव पिता स्व. संतोष कुमार यादव ग्राम परसुली पोस्ट तुमाकला तहसील धमधा, हिमांशु यादव पुत्र स्व प्रकाश कुमार यादव 75/2 पचरी पारा व अभय राज भगत पिता स्व सिकंदर राम भगत ग्राम दमगड़ा पोस्ट केराडीह तहसील कुनकुरी जिला जशपुर को भृत्य के पद पर जिला कार्यालय दुर्ग में पदस्थ किया गया है। उक्त आवेदकों को नियुक्ति आदेश जारी होने के 15 दिवस के भीतर कर्त्तव्य पर अनिवार्यतः उपस्थित होने कहा गया है।

# मेगा पीटीएम में पालकों को दी जा रही नई शिक्षा नीति की जानकारी

### पालकों से तिमाही रिजल्ट पर हुई चर्चा



**दुर्ग।** विगत दिनों स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल दीपक नगर में शिक्षक पालक बैठक (मेगा पीटीएम) का आयोजन हुआ। जिसमें शाला के अध्यक्ष अनूप गटागट, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश सोनी (गोलू सोनी), सुनील सिंह एवं दीपक नगर वार्ड पार्षद मीना सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। सजेस दीपक नगर में 1161 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है, जिसमें से 774 छात्रों के पालकों ने इस मेगा पेटीएम में अपनी उपस्थिति दी। बैठक में पालकों से परस्पर वार्तालाप किया गया तथा उनसे बच्चों के अनुशासन, शाला में उपस्थित तथा अध्ययन में आ रही समस्याओं के हल के बारे में चर्चा की गई। पालकों को अपार आईडी तथा नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी गई। तिमाही परीक्षा के रिजल्ट के बारे में कक्षा शिक्षकों ने पालकों से चर्चा की मिडिल प्राइमरी तथा हायर सेकेंडरी के छात्रों द्वारा अलग-अलग मॉडल कि प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया।

### बैठक में पालकों की समस्या भी सुनी गई



**दुर्ग।** शास.उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बोरसी में मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती निशा साहू, विशेष अतिथि शिक्षाविद हरदेव लाल साहू, महेंद्र चोपड़ा, प्रकाश साहू , पोषण साहू , योगेश साहू , सरजू नायर उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में पालकों से विद्यालय की गतिविधियां व तिमाही परीक्षा परिणाम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई साथ ही पालकों की समस्या भी सुना गया तथा उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों के पालकों को पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एच.के.गंगबोइर , पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक एवं समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया गया जोर



**दुर्ग।** शालास्तरीय मेगा पी.टी.एम. पुलगांव शासकीय हाईस्कूल, माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला में सम्मिलित रुप से हुआ। मेगा पी.टी.एम.का उद्देश्य छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थियों की उपलब्धि एवं त्रैमासिक परीक्षा परिणाम से पालकों को परिचित कराना एवं चर्चा करना है। जिसमें शत-प्रतिशत पालकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि भाजपा शहर उपाध्यक्ष राहुल पंडित, विधायक प्रतिनिधि भूपेंद्र साहू, बलराम साहू, पार्षद प्रतिनिधि अश्वनी निषाद ने की। राहुल पंडित ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पालक व शिक्षक को विशेष ध्यान देना होगा। इस हाईटेक समाज में बच्चे बहुत तेजी से नशीले व गंदी गंदी आदतों का शिकार हो रहे हैं इनसे बचने के लिए बच्चों में संस्कार और शिक्षा का पूर्ण रूप से अनुसरण करना होगा। इस अवसर पर माध्यमिक शाला प्रधान पाठक मयंक चन्द्राकर एवं प्रा.शा.प्रधानपाठिका श्रीमती टिलेश्वरी साहू ने अपने विचार रखे।

**समस्या :** पिछले एक माह से जिले के कम्प्यूटर आपरेटर हड़ताल पर

# ऑपरेटरों की हड़ताल से नया पंजीयन और संशोधन कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जानी है। लेकिन जिले के आपरेटर पिछले एक माह से हडताल पर चले गए है। ऐसे में आगामी दिनों होने वाले धान खरीदी प्रक्रिया में ग्रहण लग गया है। आपरेटरों के हडताल पर चले जाने से सोसायटियों में किसानों का नया पंजीयन और रकबा में संसोधन के सैकडों प्रकरण अटके हुए है। इस हडताल से न सिर्फ धान खरीदी प्रभावित होगी, बल्कि किसान भी परेशान है।

उल्लेखनीय है कि, प्रदेशभर के कम्प्यूटर आपरेटर जो धान खरीदी की एंट्री करते है, वे माहभर से नियमितिकरण की मांग को लेकर अनिश्चतकालीन हडताल पर डटे है। राज्य शासन द्वारा उनके पिछले साल के वेतन को वर्तमान कैबीनेट की बैठक में जारी किए जाने का निर्णय लिया गया है। लेकिन नियमितिकरण सहित अन्य मांगों को लेकर आपरेटर संघ हडताल पर डटे हुए है। जानकारी अनुसार धान खरीदी के पहले पंजीयन कराने किसान भटक रहे है। पडताल में पता चला कि भिलाई तीन, नारदा, नंदोरी और लिम्बतरा सहित सेलूद सोसायटी में सैकडों प्रकरण नया पंजीयन और संसोधन से संबंधित है। किसानों ने बताया कि, इन आवेदनों की एंट्री नही हो पा रही है। कई किसानों को पता नही हैं कि उनका प्रकरण संसोधन व नया पंजीयन से संबंधित है। वे सोसायटी में आवेदन जमा कर चुके है। ऐसे में आगामी दिनों किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे।

**खास बातें**

- दुर्ग, बेमेतरा और बालोद में 311 सोसायटी खरीदी होगी प्रभावित
- नियमितीकरण की मांग को लेकर एक माह से हड़ताल पर डटे

**सोमवार तक समितियों में लौटने जारी किए निर्देश**



### केसीसी ऋण तक की एंट्री नहीं

सोसायटियों में किसान द्वारा सोसायटी से लिए केसीसी ऋण तक की एंट्री नही हो पाई है। ऐसे में किसानों से किस आधार पर लिकिंग में धान की खरीदी होगी। यही नही खाद लेने की समस्या भी बरकरार है। केन्द्र द्वारा लांच की गई सहकारिता की पैक्स टैंपराईजेशन के कार्य भी ठप हो गए है। केन्द्र सरकार द्वारा समितियों को आलाइन करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। लेकिन आपरेटरों के हडताल से ये भी कार्य नही हो रहे है। इस तरह दुर्ग, बालौद और बेमेतरा तीनों जिले में धान खरीदी हडताल के चलते प्रभावित होगी।

### अफसरों के भरोसे होगी धान की खरीदी

राज्य में सत्ता परिवर्तन होने के बाद भी सोसायटियों में प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्तियां नही की गई है। ऐसी उम्मीद थी कि, राज्य में भाजपा की सत्ता आने के बाद प्राधिकृत अधिकारी के नाम नामिनेट किए जाएंगे। लेकिन राज्य सरकार ने सोसायटियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी न चुनाव कराया और न ही प्राधिकृत अधिकारी नामिनेट किए। अब ऐसे में सहकारी संस्थाएं द्वारा नियुक्त किए गए ओआईसी अधिकारी ही धान खरीदी की प्रक्रिया पूरी करेगें। जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनायक ताम्रकार का कहना है कि, किसानों की समस्या की सुनवाई के लिए प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति होनी चाहिए।

# राज्य स्तरीय योगासन में 220 खिलाड़ी रहे प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

योगासन भारत के निर्देशानुसार तीन दिवसीय ₹पांचवीं सब-जूनियर एवं जूनियर राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन विगत दिनों कोहका भिलाई में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से 220 (बालक-बालिका) खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के संचालन हेतु 65 टेक्निकल ऑफिसियल भी उपस्थित हुए। इस प्रतियोगिता में चार इवेंट (ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक सिंगल, रिदमिक पेयर, आर्टिस्टिक पेयर) का आयोजन किया गया। जिसमें दो आयु वर्ग सब-जूनियर और जूनियर (बालक-बालिका) खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने योगासन का उच्चस्तरीय प्रदर्शन किया। जिसमें राज्य स्तर में दुर्ग की साक्षी द्विवेदी ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता के कॉम्पिटिशन डायरेक्टर डॉ. मेजर सिंह व कॉम्पिटिशन मैनेजर जय कुमार यादव रहे। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने-अपने आयु वर्ग के योगासन इवेंट में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अतिथियों के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी टेक्निकल ऑफिसियल को भी उनके कार्य के लिए प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष जयन्त विष्णु भारती द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

- विजेताओं को मैडल व प्रमाण प्रदान दिया गया

### वृध्दाश्रम में बुजुर्गों को बांटी गई सामग्री



**दुर्ग।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा के दुर्ग सम्भागीय प्रभारी आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने वृद्धाश्रम पुलगाव दुर्ग में दशहरा मनाया। वृद्धजनों को मिठाई बांटकर वस्त्र वितरित किये और चलने-फिरने में सहायक छड़ियां भी बांटी गई। श्री शर्मा धर्म-संस्कृति और साहित्य लेखन हेतु देश-विदेश की अनेक सफल यात्रायें कर चुके है।

# जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति के सदस्यों ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भाजपा दुर्ग जिला कोर कमेटी की अनुशंसा से प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण समिति में 16 सदस्यों की नियुक्ति की गई थी। नियुक्ति के पश्चात शनिवार को इस समिति के सदस्यों द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, राजेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, समिति के सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष अरविंदर खुराना, अल्पसंख्यक विभाग समिति के प्रमुख साजन जोसेफ, सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, मंडल भाजपा अध्यक्ष मदन वाढई, विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, मंडल भाजपा महामंत्री श्रीमती रीता मेश्राम, नवीन पवार, राजेश सिंह राजपूत उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने पदभार ग्रहण के पश्चात प्रभारी मंत्री विजय शर्मा और जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा का आभार जताते हुए सरकार की योजनाओं को पात्र अल्पसंख्यक वर्ग तक पंहुचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य सरकार विष्णुदेव सरकार द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याण की योजनाओं का लाभ उस समुदाय के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच सके इसका सामूहिक प्रयास सभी को मिलकर करने की सलाह दी। भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने आगे कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना सबकी सामुहिक जिम्मेदारी है, सभी के सामूहिक प्रयास से अल्पसंख्यक विभाग का उत्थान हो ऐसा मेरी अभिलाषा है। आदिम जाति एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त हेमंत सिन्हा ने नव नियुक्त सदस्यों को विभाग के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। पदभार ग्रहण करने वाले अल्पसंख्यक समिति के सदस्य साजन जोसेफ ,अरविंदर खुराना, रजा खोखर, अमजद अली, श्रीमती मेहरुन्निसा, सुश्री रिजवी, साउमेल जॉनसन, अनी मैथ्यू, आसिफ अली आदि मौजूद थे।

- योजनाओं को धरातल में उतारना सामूहिक जिम्मेदारी

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन 17 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला साहू संघ द्वारा 33 वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन 17 नवंबर को प्रातः 11 बजे से गोंडवाना भवन दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। परिचय सम्मेलन के दिन मांगलिक पत्रिका परिचायिका का प्रकाशन एवं विमोचन भी किया जाएगा. जिसमें साहू समाज के प्रदेश भर से विवाह योग्य युवक-युवती का नाम एवं बायोडाटा पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा एवं पंजीकृत विवाह योग्य युवक युवती द्वारा अपना परिचय मंच के माध्यम से भी दिया जाएगा।

जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने बताया कि परिचय सम्मेलन एवं पत्रिका के माध्यम से प्रतिवर्ष अनेक रिश्ते तय होते है एवं कुछ रिश्ते परिचय सम्मेलन के दिन भी अभिभावकों द्वारा आपस मे मिलकर उसी दिन तय हो जाते है उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को इस परिचय सम्मेलन में अवश्य सम्मिलित होने चाहिए। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी राकेश साहू ने दी।

# विद्यार्थियों का स्वागत कार्यक्रम शिक्षकों ने भी उठाया का आनंद




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में दयानंद शिक्षा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता के मार्गदर्शन में हिन्दी विभाग एवं वाणिज्य विभाग के स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती आभारानी गुप्ता उपाध्यक्ष दयानंद शिक्षा समिति एवं विशेष अतिथि डॉ नागेंद्र शर्मा विधिक सलाहकार दयानंद शिक्षा समिति, उपप्राचार्य डॉ नीतू सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों एवं खेल का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ साथ शिक्षकों ने भी आंनद उठाया। समस्त कार्यक्रम श्रीमती विभा शर्मा एवं निशा साहू के मार्गदर्शन में हुआ। स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं का मनमोहक रैम्पवॉक हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती आभारानी गुप्ता ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए मिस फ्रेशर के रूप में मोनिका साहू एवं रनरअप निलोफर को चुना । एम ए हिंदी तृतीय सेमेस्टर की छात्राएं पायल, मनीला, संध्या, प्रतीभा,उषा, सोनल, मालिनी, कौशिल्या, आशा द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस अवसर पर डॉ निशा श्रीवास्तव, डॉ आस्था सिजारिया, विनोद सोनवानी, ट्विंकल, संगीतारानी, हिमांशी, सबीना, प्रेरणा ठाकुर, त्रिभुवन देवांगन आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे।

- घनश्याम सिंह आर्य कालेज में कार्यक्रम का आयोजन

**बजरंग दल पिछले 20 वर्षों से विजयादशमी के उपलक्ष्य पर निकाल रहा शोभायात्रा**

# बजरंगियों ने निकाली शोभायात्रा, गूंजे जय श्री राम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



विजयादशमी के उपलक्ष्य पर छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा रविवार को शहीद चौक (ग्रीन चौक) में शौर्य के प्रतीक शस्त्रों की विधिवत पूजा अर्चना कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के अलावा सनातनी धर्म के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा में घोड़े बग्गी व धुमाल बैंड आकर्षण का केंद्र रहे, वही शस्त्रों से लैस कार्यकर्ताओं द्वारा जय श्रीराम के जयकारे के साथ हिंदुत्व शौर्य जागरण का भी संदेश दिया गया। यह शोभायात्रा शहीद चौक से अग्रसेन चौक, हरनाबांधा, पोलसायपारा चौक,फरिश्ता कॉम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट होते हुए पटेल चौक पहुंचकर संपन्न हुई। राष्ट्र रक्षा, धर्म रक्षा व हिन्दुत्व शौर्य जागरण के उद्देश्यों से निकल गई शोभायात्रा का लोगों द्वारा जगह-जगह स्वागत कर बजरंगियों की हौसला अफजाई की गई। शोभायात्रा को लेकर शहर के प्रमुख चौक चौराहों व मार्गों को भगवा ध्वज से सजाया गया था। फलस्वरुप शोभायात्रा के दौरान अलौकिक माहौल बना। शोभायात्रा का नेतृत्व छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रदेश संयोजक रतन यादव ने की । श्री यादव ने बताया कि बजरंग दल द्वारा विजयादशमी के उपलक्ष्य पर पिछले 20 वर्षों से निरंतर यह शोभायात्रा निकाली जा रही है। यह आयोजन शौर्य प्रदर्शन नहीं है। विजयादशमी के उपलक्ष्य पर शस्त्र पूजन की परम्परा रही है। शस्त्र पूजन उपरांत शोभायात्रा के माध्यम से सनातन धर्म के लोग अपना उत्साह प्रकट करते है।

शस्त्र पूजन व शोभायात्रा में बजरंग दल के प्रदेश संयोजक रतन यादव , प्रदेश अध्यक्ष गौतम जैन, उपाध्यक्ष विकास ठाकुर, चंदन राजपूत, विभाग संयोजक रवि निगम, ईश्वर गुप्ता, ज्योति शर्मा, विभाग सह-संयोजक कुशल तिवारी, संगठन प्रमुख रवि भारती, जिला संयोजक इंद्रजीत महाराज, रितिक सैनी, धनेश दोरा, राजा साहू, शेखर ताम्रकार, कुलेश्वर यादव के अलावा जिलेभर से हजारों की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल हुए।

- हिंदुत्व शौर्य जागरण का दिया गया संदेश

# राजेश धींगरा ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा



**दुर्ग।** पिछले लंबे समय से कांग्रेस पार्टी में रहे राजेश धींगरा पिता स्वर्गीय गोबिंद धींगरा ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होने कहा हैं कि, अविभाजित मध्यप्रदेश में प्रदेश युवा कांग्रेस का 1991 से 2000 तक महामंत्री रहते शुरू की। मेरे पिता स्वर्गीय गोबिंद धींगरा कांग्रेस में 1977 में आए थे, जब स्वर्गीय इंदिरा गांधी संकट के दौर से गुजर रही थी। उन्हीं से और स्वर्गीय संजय गांधी जी से प्रभावित होकर उन्होंने कांग्रेस जाईन की थी और 1978 में म्युनिसिपल चुनाव लड़ा और पार्षद निर्वाचित हुए, बाद में 1983 में दुर्ग नगर निगम बनने पश्चात वे फिर पार्षद निर्वाचित हुए और बाद में दुर्ग के महापौर बने। जारी बयान में कहा है कि, वर्तमान में राजनीति परिक्रमा, चापलूसी और भ्रष्टाचार ने उसकी जगह ले ली है, ऐसे में मैं हमेशा से असहज रहा। इसलिए इसी क्षण से कांग्रेस परिवार से इस्तीफा दे रहे है। उनका कहना है कि, इसकी सूचना 16 अक्टूबर 2024 को मेल द्वारा केंद्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व को अवगत करा दिया है।

### आर्य समाज मंदिर में भव्यता से मनाया शरद पूर्णिमा

**दुर्ग।** आर्य नगर आर्य समाज मंदिर में शरद पूर्णिमा का त्यौहार मनाया गया। जिसमें यज्ञ के ब्रह्म ईश्वर सामवेदी जी रहे, वैदिक विद्वान आचार्य अंकित शास्त्री की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मानसी गुलाटी रही।

## खबर संक्षेप



### अंडा स्कूल में आयुर्विद्या कार्यक्रम

**अंडा।** छग शासन के द्वारा संचालित राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला/पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला अण्डा दुर्ग में डां. शैलेन्द्र सिंह ठाकुर आयुर्वेद चिकित्सक अधिकारी के द्वारा विद्यार्थियों को आयुष पद्धति से उपचार, अच्छी जीवन शैली, कुपोषण, कृमिरोग, शरदऋतु चर्या, दिनचर्या, स्वच्छता से संबंधित जानकारी दिया गया। नशा मुक्त अभियान चलाया गया। छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही छात्रों के हीमोग्लोबिन परीक्षण कर उन्हें दवा भी दी। बच्चों को अच्छे भोजन के साथ अच्छा विचार रखने की सलाह दी गई। डॉक्टर शैलेन्द्र सिंह ठाकुर ने विद्यालय परिसर में लगे पौधों की जानकारी देकर उसके आयुर्वेदिक लाभों से भी बच्चों को परिचित कराया।

### चिंगरी में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम 5 को

**अंडा।** दीपावली पर्व पर ग्राम चिंगरी में सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 5 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था धरोहर कन्हारपुरी राजनादगांव वालों का कार्यक्रम होगा। उक्त जानकारी सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति के भूषण देशमुख एवं अनुराग दिल्लीवार ने दी।

### डीन, सुपरीटेंडेंट से मिले सामाजिक प्रतिनिधि



**अंडा।** राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल डॉ भीमराव अंबेडकर मे व्याप्त कमी को लेकर सामाजिक मुखिया पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन विवेक चौधरी तथा भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉक्टर संतोष सोनकर से मुलाकात कर नवीन पद स्थापना को लेकर बधाई दी और स्वागत किया। सामाजिक प्रतिनिधियों ने अस्पताल में व्याप्त कमियों की विस्तार से जानकारी दी और दूर करने का आग्रह किया। दोनों जिम्मेदार अधिकारियों ने सभी विभाग के समीक्षा कर अतिशीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया।

## हादसा : दो अलग अलग दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

# क्रेस्ट फैक्ट्री में मजदूर की मौत पर प्रदर्शन, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले के सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोरातराई स्थित क्रेस्ट स्टील फैक्ट्री में आज दोपहर एक मजदूर की मौत के बाद मुआवजा की मांग को लेकर मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।क्रेस्ट स्टील फैक्ट्री में कार्यरत 38 वर्षीय ग्राम जोरातराई निवासी योगेश कुमार साहू रोज की तरह ही फैक्ट्री में काम पर गया हुआ था। इस दौरान वह अचानक बेहोश हो गया। जिसके बाद उसे उपचार के लिए दुर्ग अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसके बाद मृतक के परिजनों और अन्य ग्रामीणों द्वारा फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन करते 15 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की गई।

### जांच कर रही पुलिस

इस मामले में राजनांदगांव सीएसपी पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि मृतक की तबीयत खराब थी और वह बेहोश हो गया था। जिसके बाद उसकी मौत हुई है। मृतक की बॉडी भिलाई के शंकरा अस्पताल में रखी गई है। पोस्टमार्टम पश्चात मृतक का शव परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।



### ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

क्रेस्ट स्टील फैक्ट्री में मजदूर की अचानक मौत की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और मुआवजा राशि को लेकर प्रदर्शन करने लगे। देर शाम तक लोग फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन में डटे रहे। इस दौरान प्रशासन को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने लोगों को समझाईश दी और नियम अनुसार मुआवजा दिए जाने की बात कही गई।

# सड़क हादसे में एसपी के वाहन चालक सिपाही की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

राजनांदगांव कवर्धा राजमार्ग में सड़क हादसों में ब्रेक नहीं लग पा रहा है। रविवार दोपहर दो बजे के आसपास सिंगारपुर में दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से ऑनस्पॉट मौत हो गई। हादसे में बाइक दो टुकड़ों में बंट गई। वहीं मृतक की पहचान ओमकार सिंह धुर्वे पिता चैतराम धुर्वे निवासी ग्राम सांकरी थाना जंगल गातापार के रूप में हुई है, जो बीते सात-आठ महीनों से एसपी का वाहन चला रहा था।

मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरक्षक ओमकार अपनी साइड में मोटर साइकिल चला रहा था, उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते त्वरित पुलिस को घटनास्थल पर भेजा।



पता चला है कि 2013 में पुलिस विभाग में एमटी आरक्षक के रूप में पदस्थ ओमकार धुर्वे दो साल पहले ही नए जिले में ट्रांसफर होकर आया था और एसडीओपी का वाहन चला रहा था। लगभग आठ महीने पहले ही एसपी की गाड़ी चलाने का अवसर मिला था।

रविवार अवकाश और करवा चौथ का व्रत होने के कारण राजनांदगांव में पाताल भैरवी मंदिर के पास किराये के मकान में निवासरत पत्नी और बच्चों से मिलने दोपहर को पल्सर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08-4984 से राजनांदगांव जा रहा था, लेकिन सिंगारपुर गांव में साइड पर गाड़ी चलाने के बावजूद तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ठेलकाडीह थाना में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया है। जबकि देर शाम ओमकार धुर्वे का शव पीएम बाद परिजनों को सौंपा गया।

### कार्रवाई से बचने बढ़ रहा दबाव

खैरागढ़ से राजनांदगांव रोड पर लगातार हो रहे हादसे ने लोगों की चिंता को बढ़ा दिया है। कई बार इस रोड पर बढ़ते ट्रैफिक के दबाव और दुर्घटनाओं को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिसके चलते सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

### दो दिन पहले गई एक की जान

दो दिन पहले ही इसी रोड पर पेंड्रीकला में शाम 6 बजे के आसपास ट्रक की ठोकर से बढ़ईटोला निवासी तारन धुर्वे की दर्दनाक मौत हो गई थी और सड़क से खून के धब्बे अच्छे तरीके से मिटे ही नहीं हैं कि पेंड्रीकला से महज दस किमी आगे सिंगारपुर में सिपाही की मौत हो गई। हादसों को लेकर बताया जाता है कि इन दिनों राजधानी आने-जाने टोल नाका बचाने या और किसी कारण के लिए ज्यादातर बड़े-बड़े ट्रकों की आवाजाही शहर के ईतवारी बाजार होकर धमधा रोड का उपयोग करते हैं। जिसके चलते राजमार्ग सहित अंदरूनी सड़कों में ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। जिसके चलते लगातार हादसों से जानमाल का नुकसान हो रहा है।

## खोपली में हुई मेगा पालक-शिक्षक बैठक

**उतई।** शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के बहुद्देशीय विवेकानंद सभागार में संकुल स्तरीय द्वितीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम खोपली के सरपंच मंजू वर्मा, बीएल सपहा,



प्राचार्य वीणा दुबे, प्रधानपाठक सीएल रघुवंशी, हरिश्चंद्र देवांगन ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की तत्पश्चात मंच संचालन शिक्षिका बिजोरिया के द्वारा किया गया। शिक्षक गिरीश साहू ने बताया कि प्राथमिक, माध्यमिक व हॉयर सेकंडरी की त्रैमासिक परीक्षा के संबंध में जानकारी दिया गया साथ ही नियमित स्कूल आने वाले और कक्षा में प्रथम द्वितीय आने वाले बच्चों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार दिया गया। प्रधानपाठक छबिलाल रघुवंशी, प्राचार्य वीणा दुबे, शिक्षक मनीष साहू ने क्रमशः प्राथमिक, मिडिल, हायर सेकेण्डरी के बच्चों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया और सभी पालकों को बच्चो को नियमित शाला भेजने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में खोपली के सरपंच मंजू वर्मा, प्राचार्य वीणा दुबे, प्रधानपाठक छबिलाल रघुवंशी, हरिश्चंद्र देवांगन, संकुल समन्वयक इंद्रेश बंजारे, अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंध समिति बीएल सपहा, शाला प्रबंधन समिति अरुण गेंनड्रे, पूरण देशलहरे विधायक प्रतिनिधि, अखिलेश चंद्राकर पालक शिक्षक समिति, शिक्षक गिरीश साहू सहित लगभग 115 पालक उपस्थित थे।

## भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात करें विश्वास की गंगा प्रवाहित होने लगेगीः गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

मानस शक्ति केंद्र बेल्हारी के तत्वावधान में शरदोत्सव मानस संगोष्ठी का आयोजन ग्राम भनसुली आर में हुआ। अतिथि धर्म मर्मज्ञ गौतम चंद जैन, मेहत्तर वर्मा अध्यक्ष जिला मानस संघ दुर्ग, टीका राम साहू अध्यक्ष तहसील मानस संघ पाटन, गोवर्धन चंद्राकर, भुनेश्वर धीवर, ढाल सिंह चंद्राकर सेवानिवृत्त शिक्षक, भेलकुमार, डॉ. गुलाब साहू, उमाशंकर शुक्ला ने संतोष शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ भगवान राम के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किए।

■ भनसुली आर में शरदोत्सव मानस संगोष्टी का किया आयोजन

कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम भनसुली के निवासी रामेष्ट मानस परिवार, नवज्योति महिला मानस परिवार, किसान युवा दुर्गोत्सव समिति, आदर्श युवा दुर्गा समिति, माँ चंडी गणेशोत्सव समिति, माँ शीतला सेवा समिति भनसुली आर का भरपूर सहयोग रहा। मानस शक्ति केंद्र बेल्हारी के संरक्षक गया राम साहू, संयोजक उमाशंकर शुक्ला, उपाध्यक्ष शकुन्तला चक्रधारी, योगेश निर्मलकर, उत्तम रिगरी, नेवेन्द्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष धनेश्वर साहू, प्रचार मंत्री दिलीप साहू, जानकी साहू, ओमप्रकाश वारदे आदि का सहयोग रहा।



### रामचरित्र मानस जीवन मूल्यों को समझती है

अतिथि गौतम चंद जैन ने कहा कि हम भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात करें। जीवन का आदर्श रूप सामने आना तय है। उन्होंने कहा कि हम भगवान को मानते है लेकिन जिस दिन हम आप भगवान का कहना मानना शुरू कर दे सतयुग का जीवन प्रगट हो जाएगा,मर्यादा विश्वास सत्य संस्कार की आज सख्त आवश्यकता है। भगवान राम का माने घर परिवार समाज में संस्कार मर्यादा विश्वास की गंगा प्रवाहित होने लगेगी। वहीं जिला मानस संघ दुर्ग अध्यक्ष मेहत्तर वर्मा ने मानस शक्ति केंद्र बेल्हारी के प्रयासों का सराहना करते हुए कहा कि गांव गांव में रामायण को गंगा की तरह प्रवाहित करने का सार्थक प्रयास कंठ मुक्त सराहनीय है। सभी राम के चरित्र को अपनाए जीवन सफल हो जाएगा।जीवन में चरित्र बड़ा अनमोल है यदि चरित्र नहीं तो जीवन का कोई मोल नहीं है।

## अंचल की खबरें

### करेला में धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा महोत्सव



**पाटन।** ग्राम करेला में युवा जागरण समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री विधायक पाटन भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, रूपेंद्र शुक्ला महामंत्री जिला कांग्रेस, रमन टिकरिहा सभापति जपं, लेखनी वर्मा सरपंच, यादव राम सेन सेक्टर प्रभारी, छत्तर सिंह ठाकुर, गोकुल ठाकुर ने सिया रामचंद्र, मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली की मंगलकामना किए। ज़िप उपाध्यक्ष श्री साहू ने करेला में कई दशकों से शरद पूर्णिमा महोत्सव आयोजन एक नया कीर्तिमान स्थापित किए है। इस अवसर पर बुधराम देशमुख, धन्नू कंवर, लक्ष्मीनारायण कंवर, रोहित साहू, मानक वर्मा, विजय बंछोर, अजीत देशमुख, परसादी कंवर, अशोक बंछोर, दौवा बंछोर, पारस यादव, प्रताप कंवर, मोंटी बंछोर, राजेंद्र वर्मा, झम्मन बंछोर, छन्नू यादव आदि उपस्थित थे।

### संतान को कुव्यवसनों से बचाने संस्कार दें : प्रमोद




**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला सुरपा में प्रबंध समिति एवं प्रबुद्ध वर्ग का विचार मंथन बैठक आयोजित हुआ। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र धरमगुड़ी ने अपना जन्म दिवस शुक्रवार को स्कूल बच्चों के बीच मनाते हुए सभी विद्यार्थियो को क्रमबद्ध बैठाकर पूर्ण सम्मान के साथ फल फ्रूट वितरित किए।बच्चो ने नरेंद्र भैया को दिल से दुआ दिए और आशीर्वाद भी लिए। प्रधानपाठक दुलेश्वर टंडन ने नरेंद्र धरमगुड़ी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में अच्छी सोच होने से परिणाम सकारात्मक आता है। सांसद प्रतिनिधि ने फलफ्रुट स्वयं अपने हाथों बच्चो सहित आगंतुकों व स्टाफ को वितरित किए और बड़ों से आशीर्वाद लिए। वहीं शासकीय हाईस्कूल अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि कहा कि संस्कार विरासत में मिलने से संतान माता पिता का नाम रोशन करेंगे कुव्यवसनों से बचेंगे और बुढ़ापे का सहारा भी बनेंगे।

### विधायक ने जिम्मेदार अधिकारियों को दिए निर्देश

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सीईओ धान खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को फोन व पत्राचार के माध्यम से निर्देश दिया और कहा कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी प्रारंभ हो रहा है इसके मद्देनजर किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो उसको देखते हुए जिन किसानों का पंजीयन अभी तक नहीं हुआ है उसको तत्काल पंजीयन कराए और जिन किसानों का राजस्व संबंधित प्रकरण लंबित है, जिनका ऋण पुस्तिका नहीं बना हुआ है उसे तत्काल प्रभाव में लेते हुए उस समस्या को हल करें और पंजीयन कराए। समय से पहले किसानों का धान खरीदी केंद्र में पंजीयन कराना सुनिश्चित करे जिससे किसान अपना धान समिति के माध्यम से बेच सके एवं धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### लोग मजबूत भाजपा परिवार का निमार्ण करेः माया



**निकुम।** विधान सभा चुनाव में दुर्गग्रामीण विधान सभा जो कि कांग्रेस के मजूबत गढ़ जो कि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के कांग्रेसी किल्ले को भाजपा ने सबका साथ सबका विकास मूलमंत्र पर भेद कर युवा विधायक ललित चन्द्रकार की जीत कर राजनीतिक पासा ही पलट दिया उसके बाद क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीणों में जमकर जोश भरा है, गौर हो कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्ग व सदस्य माया बेलचंदन ने आये दिन ग्रामीणों के बीच रुबरु होकर समस्याओं व क्षेत्र के विकास को लेकर जनता के बीच पहुंचने से छवि मजबूत बनी है, गौर हो कि पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन ने अपने मेहनत से 3000 भाजपा कार्यकर्ता बनाया। वही इस अभियान में गांव गांव से पहली बार युवा वर्ग व महिलाएं भी भाजपा सदस्या अभियान में जुटे है।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चिराग आटोडील को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** बोरसी रोड महाराजा चौक में स्थित चिराग आटोडील में सभी प्रकार के सेकण्ड हैंड चार पहिया वाहन की बिक्री की जाती है। चिराग आटोडील के संचालक सोनू सोनवानी ने बताया कि हमारे यहां छत्तीसगढ के सभी जिला बेमेतरा, रायपुर, बलौदाबाजार, बालोद, खैरागढ, राजनांदगांव, अंबागढ चौकी, गुण्डरदेही, अभनपुर, मुंगेली के ग्राहक आ करके वाहन लेकर गए हैं और संतुष्ट हैं। नवरात्रि के समय ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा था। दिपावली त्योहार सीजन को देखते हुए गाडी के साथ आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं। दिवाली धमाका ऑफर के तहत धनतेरस, लक्ष्मीपूजा में जो भी ग्राहक गाडी लेकर के जाएगा उसे गाडी में फूल डीजल, पेट्रोल टंकी में दिया जाएगा। गाडी खरीदने पर चिराग आटोडील में फाइनेंस, आरटीओ एवं इंश्योरेंस की सुविधा दी जा रही है।

## कुशल और सार्थक जीवन का जीवंत मार्गदर्शक है रामचरित मानस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

बीजेभाठा में मानस संगोष्ठी का आयोजन हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण पाटन अध्यक्ष व परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलहरी कोषाध्यक्ष नारद साहू थे। जनपद सदस्य पाटन रवि सिन्हा, मानस संघ दुर्ग जिला अध्यक्ष मेहत्तर वर्मा, सरपंच

■ रामायण को आत्म सात करे जीवन संवर जाएंगी : नारद

रामनाथ साहू, लोकगायक संजू साहू, करेला सरपंच लेखनी वर्मा, नेतराम वर्मा, भारत साहू, बेनीराम साहू, लीना मानिकपुरी लोक गायिका मंचासिन रहे। साहू ने कहा कि रामचरित मानस को आत्मसात करें तो जीवन संवर जाएगी। जीवन किस मर्यादा में और कैसे जीना है रिश्तों को कैसे निभाना है रामायण में साफ-साफ दिखता है। गलत कर्म करने वालों का बुरा हश्र भी दिखता है। अच्छे कर्म करने वालों को अच्छा परिणाम मिलते दिखता है।

मानस संघ जिला अध्यक्ष मेहतर वर्मा ने कहा कि रामचरित मानस में मर्यादा त्याग चरित्र आदि को कुशल और सार्थक जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए जीवंत रूप में जन मानस के समक्ष रखा गया है। जन मानस अपने आप में उतारते हुए अपने जीवन को सार्थक बना सकते है।












विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# खेतों में धान की फसल को मौसमी बीमारियों से बचाने में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी से लगे खेतों में अब धानी फसल लहलहाने को है। फसल कटाई के पूर्व किसान इसे मौसमी बीमारियों और करगा से बचाने में जुटे हुए हैं। इस बीच किसानों को अपनी फसल को बचाने आवारा मवेशियों की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। पखवाड़ेभर बाद धान कटाई शुरु हो जाएगी। भिलाई दुर्ग के चारों ओर निकटस्थ गांवों में खेतों में गहमागहमी के बीच खुशी के साथ किंचित चिंता भी पसरी हुई है। खेतों में अब धान के पौधों में मोटी मोटी बालियां आ गई हैं। चार पांच महीने की कमरतोड़ मेहनत के बाद अपनी फसल को तैयार होता देख किसान खुश हैं लेकिन उन्हें तनाछेदक व माहू आदि बीमारियों का अंदेशा भी सता रहा है। धान को रोगों से बचाने के लिए किसान खेतों में दवाईयों का छिड़काव कर रहे हैं। अछोटी, कुथरेल, चंदखुरी, चिंगरी, भरदा, अंडा, गनियारी, जामुल आदि गांवों में सुबह से शाम तक किसानों का पूरा परिवार बनिहारों के साथ खेतों में पसीना बहा रहा है। चिंगरी के किसान ईश्वरी निर्मलकर बताते हैं कि इस साल फसल अच्छी है। लेकिन मौसमी बीमारियों का भी चिंता है। फसल में माहू या तनाछेदक जैसे रोगों का अभी खतरा है। केमिकल दवाई छिड़ रहे हैं। हेमंत साहू और दुष्यंत देशलहरा बताते हैं कि फसल कटाई के पूर्व धान में करगा की सफाई भी एक बड़ा काम होता है। सफाई नहीं होने से धान में कचरा बढ़ जाएगा। इसके साथ ही जल्द बोने वाली धान की कटाई भी शुरु हो गई है। बाकी पंद्रह दिन बाद कटाई शुरु होगी।

## माहू की सता रही चिंता, कटाई के पूर्व हो रही करगा की सफाई





### मवेशियों से बचाने रतजगा

धान कटाई के पूर्व जिले के कई गांवों में किसान पनी फसल को आवारा मवेशियों से बचाने खासी मशक्कत कर रहे हैं। फसल को बचाने कई किसान रतजगा कर रहे हैं। पुरई, फुंडा, उमरपोटी और जरवाय आदि कई गांवों में मवेशी और सूअर आदि जानवर खेतों में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसे बचाने के लिए कई किसान खेत में मचान बनाकर रखवाली कर रहे हैं। वहीं कई लोगों ने महंगी मजदूरी में बनिहार रखा हुआ है। आवारा मवेशियों से फसल को बचाने सरकार खानापूर्ति के अलावा कुछ नहीं कर रही है। इसका खामियाजा हर साल छोटे व गरीब किसानों को भुगतना पड़ता है। किसानों ने बताया कि इसके पूर्व पानी पलोने के लिए भी रात में खेत में जाना पड़ता था।

## खबर संक्षेप

### सीजी कनौजिया सोनार समाज के अध्यक्ष संजू बने

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कनौजिया सोनार समाज शाखा भिलाई 3 के पदाधिकारी के चयन के लिए चुनाव कराया गया था। इस दौरान निर्वाचन पदाधिकारी परदेशी राम



सोनी के मार्गदर्शन में 18 अक्टूबर को मतदान संपन्न हुआ। जिसमें कन्नौजिया सोनार समाज के कुल 1058 मतदाताओ में से 586 मतदान पड़े सुबह 9 बजे शाम 5 बजे तक होने के बाद शाम 7 बजे मतों की गिनती हुई। जिसमें परिवर्तन पैनल के अनिता सोनी को 304, मधु 232 मत प्राप्त हुए। अनिता सोनी 72 वोटो के साथ विजयी हुई। वहीं पुरुष अध्यक्ष के रूप में परिवर्तन पैनल के ही संजू सोनी को 331 व लवकुश स्वर्णकार को 221 मत मिले। संजू सोनी 110 मतों के साथ जीत हासिल की। सचिव अरुण, उपाध्यक्ष चंद्रिका सोनी, कोषाध्यक्ष गणेश सोनी ने जीत हासिल की। परिवर्तन पैनल से राजेन्द्र सोनी ने कहा कि 1 माह के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरु हुई थी। समाज के सभी लोगों को परिवर्तन पैनल को समर्थन दिया। समाज के हर स्तर पर विकास के लिए दुरगामी सोच है जिसके लिए हमारा परिवर्तन पैनल दृढ़ संकल्पित है। निर्वाचन प्रक्रिया में मुख्य रुप से प्रदेश अध्यक्ष तारकेश्वर स्वर्णकार, सचिव भागवत सोनी, उपाध्यक्ष शंकर लाल सोनी का योगदान रहा है।

### चेंबर आफ कामर्स नगर सेवा का करेगा घेराव

**भिलाई।** भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की बैठक अग्रसेन भवन में हुई। चेंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने लीज नवीनीकरण के संबंध में अब तक की हुई प्रगति से सदस्यों को अवगत कराया बैठक में सभी सदस्यों ने एकमत से दुर्ग के सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया । इस्पात मंत्री के भिलाई आगमन के दौरान डायरेक्टर इंचार्ज को दिए गए दिशा निर्देश पर कोई जानकारी भिलाई प्रबंधन द्वारा उपलब्ध नहीं कराये जाने पर रोष जताया । जैन ने बताया कि सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सांसद के नेतृत्व में नगर सेवा विभाग के घेराव करने की बात पर अपने विचार रखें व्यापारियों,धार्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के विचार सुनने के बाद स्टील सिटी चेंबर के पदाधिकारियों सर्व समिति से दिवाली के बाद नगर सेवा विभाग के घेराव के निर्णय को अंतिम रूप दिया । चेंबर अध्यक्ष अमर परवानी ने बताया है कि शीघ्र विजय बघेल से बात कर दिल्ली में विजय बघेल के नेतृत्व में दिल्ली के सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल व स्टील सिटी चेंबर के अध्यक्ष साथ इस्पात मंत्री से मुलाकात की योजना को भी अंतिम रूप दिया जाएगा । एसपी, कलेक्टर व डायरेक्टर इंचार्ज को पत्र भेज कर अब तक की हुई कार्रवाई की जानकारी देने की मांग की गई। बैठक में सेक्टर 6 व्यापारी संघ से ज्ञानचंद बाकलीवाल, सेक्टर 4 व्यापारी संघ से सतीश बंछोर, बीएसपी मार्केट मड़ौदा व्यापारी संघ से पी एल पाठे, उमेश तिवारी, सेक्टर 4 जगन्नाथ मंदिर समिति के महासचिव बसंत कुमार प्रधान सिंधु ब्रदर मंडल सेक्टर 4 से महासचिव मनोहर मलकानी दिगंबर जैन खंडेलवाल भवन से महावीर प्रसाद जैन, प्रदीप बाकलीवाल सेक्टर 5 व्यापारी संघ से अजय कनौजिया अध्यक्ष एवं सुभाष चंद्र सोनकर महेंद्र जैन, न्यू सिविक सेंटर रेजिडेंट्स एसोसिएशन से प्रेमचंद बाकलीवाल, भरत भंम्भवानी, वेद प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## कर्मचारियों की परेशानी को लेकर सीटू बीएसपी के जीएम से मिला

# सौ दिन बाद भी कम नहीं हो रहीं बायोमेट्रिक मशीन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीटू के प्रतिनिधि मंडल ने भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक विकास चंद्रा से मिलकर संयंत्र कर्मियों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम से संबंधित आ रही समस्याओं के मामले में मुख्य महाप्रबंधक के नाम पत्र देकर जल्द निराकरण करने की मांग की। सीटू की टीम में विजय कुमार जांगड़े, जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी, टी जोगा राव, डीवीएस रेड्डी उपस्थित थे

सीटू ने बताया कि जब कर्मी लीव बुक अथवा ओलम्स सिस्टम के माध्यम से छुट्टी भरता था तब सिस्टम में उस छुट्टी के आवेदन करने की तारीख दर्ज हो जाता था। प्लांट स्टैंडिंग ऑर्डर के अनुसार कर्मी द्वारा छुट्टी आवेदन करने के तीन दिन के अंदर उस छुट्टी को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करना होता है लेकिन संयंत्र के अधिकांश अधिकारी स्टैंडिंग ऑर्डर के इस नियम को नहीं मानते हैं। यानी छुट्टी कभी भी भरिए वे आखिरी दिनों में ही उस छुट्टी को स्वीकृत करते हैं। यदि बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में छुट्टी आवेदन करने की तारीख ही नहीं दिखेगी तो अधिकारियों से यह कह भी नहीं पाएंगे कि हमने अमुक दिन छुट्टी भरे थे और उस छुट्टी को निश्चित समय के अंदर स्वीकृत अथवा स्वीकृत नहीं किया गया।

### सिस्टम में छुट्टी आवेदन की तारीख नहीं दिख रही, ड्यूटी जाने की आपाधापी बढ़ी

#### नहीं खुल रही मेल आईडी साइट

कर्मियों को अपने मेल में पे स्लिप डाउनलोड करने हेतु ई सहयोग में मेल आईडी दर्ज करने की व्यवस्था थी जिससे आवश्यकता पड़ने पर अपने मेल से पे स्लिप डाउनलोड कर प्रिंट आउट लिया जाता था लेकिन बीएएमएस लागू होने के बाद से पे स्लिप के लिए ई मेल आईडी दर्ज करने वाला साइट खुल नहीं रहा है जिससे कर्मी एप्लीकेशन की साइट पर ई मेल आईडी दर्ज नहीं कर पा रहे हैं।



#### नहीं घट रही छुट्टियों की संख्या

कर्मचारी एफएल या एफएल के बदले सी-आफ लेने पर भी उनके कुल एफएल से संख्या कम नहीं हो रही है, जिससे द्विविधा उत्पन्न हो रही है कि कितने **FL** बचे हुए हैं। इस स्थिति से कर्मी धोखे में रह जा रहा है कि उनके पास कितनी छुट्टियां बची हुई है एवं कितनी छुट्टियां खत्म हो गई हैं।

#### राष्ट्रीय अवकाश के अलावा वेतन को लेकर संकट

नियमानुसार राष्ट्रीय अवकाश के दिन ड्यूटी करें अथवा साप्ताहिक अवकाश में रहे हर हाल में अतिरिक्त वेतन का भुगतान किया जाता रहा है अभी राष्ट्रीय अवकाश के दिन अतिरिक्त वेतन लेने के लिए अटेंडेंस सिस्टम में एक डब्बा दिख रहा है जिसमें सभी को क्लिक करना है लेकिन राष्ट्रीय अवकाश के दिन कर्मियों का साप्ताहिक अवकाश होने पर उनके बीएएमएस में बने डब्बे में क्लिक करने पर सेव नहीं हो रहा है, जिससे यह आशंका बनी हुई है कि उनको राष्ट्रीय अवकाश का अतिरिक्त वेतन मिलेगा या नहीं ।

# सेलव्यापी हड़ताल में आचार संहिता बन रही अड़चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बोकारो में हड़ताल वापस लेने पर सीटू ने कहा अनुभवहीनता भिलाई। सेल वेतन समझौता की विसंगतियों को दूर करने और 39 महीने के लंबित एरियर्स के जल्द भुगतान सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 अक्टूबर को बीएसपी सहित

- सेल कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर 28 को हड़ताल का आह्वान

सेलव्यापी संयुक्त यूनियन की हड़ताल को लेकर झारखंड चुनाव आचार संहिता से सेल कर्मचारी दुविधा में हैं। सीटू ने बोकारो में आंचार संहिता के चलते ड़ताल के आह्वान को वापल लेने के निर्णय पर तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। कहा है कि कर्मचारी यदि अपने घर पर रहकर हड़ताल में भागीदारी कर रहे हैं तो यह आचार संहिता का उल्लंघन नहीं कहलाएगा। यूनियन के मुताबिक विधान सभा हड़ताल में अड़चन बन गया है, जिसे लेकर कर्मचारियों में चर्चा छिड़ी हुई है। झारखंड में 13 और 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव है। बोकारो में भी आचार संहिता लग गई है । आचार संहिता में बिना प्रशासन की अनुमति के लोग इकट्ठा नहीं हो सकते हैं, क्योंकि 144 धारा लगी होती है । तो क्या ऐसे समय में हड़ताल करने के लिए प्रशासन की अनुमति लेनी होती है । सीटू ने कहा कि यदि हम घर से ही ना निकले और संयंत्र के अंदर अपने विभाग में ड्यूटी पर न पहुंचे तो क्या यह आचार संहिता का उल्लंघन होगा ? यदि यूनियन हड़ताल के लिए 14 दिन का नोटिस दिया है और अपने घर से ही बाहर ना निकल कर हड़ताल में भागीदारी कर रहे हैं तो वह किसी आचार संहिता का उल्लंघन नहीं कहलाएगा । सीटू नेता ने कहा कि हड़ताल संघर्ष का सबसे अंतिम चरण होता है । यूनियन के प्रबंधन को पत्र व धरने के बाद भी मांगें नहीं मानने पर कर्मी हड़ताल को मजबूर होते हैं। इसलिए प्रबंधन को मांगों को स्वीकार कर लेना चाहिए।

#### हड़ताल वापसी अनुभवहीनता या डर

सीटू महासचिव जगन्नाथ द्विवेदी ने कहा कि आचार संहिता लगते ही प्रशासन का हवाला देखकर आनन फानन में बोकारो में हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी गई । क्या इतनी हड़बड़ी करने की आवश्यकता थी कहीं यह अनुभवहीनता अथवा डर के कारण तो नहीं किया गया या कहीं पहले से ही मन तो नहीं बनाकर रखा गया था कि कोई कारण बताकर हड़ताल को टाल दिया जाए। ऐसे सब निर्णय ना केवल कर्मियों के मनोबल को तोड़ते हैं।

#### 2022 में सीटू के आह्वान पर आचार संहिता में घर से हुई हड़ताल

4 जनवरी 2022 को सीटू के तत्कालीन महासचिव को घर में जाकर धारा 144 लागू होने का नोटिस तामिल करवाया गया था। यह नोटिस 4 तारीख को ही शाम 6 बजे कलेक्टर द्वारा जारी किया गया था। नोटिस पूर्व प्रबंधन के आईआर विभाग ने सीटू नेता को सूचित किया था कि 144 लागू हो गया है, अतः आप कल 5 जनवरी का हड़ताल वापस ले लें। सीटू महासचिव ने जवाब दिया कि हमें 144 की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। 144 धारा लागू होने की सूचना मिलने के बाद सीटू महासचिव ने इसकी सूचना तत्काल सभी सदस्यों को आगाह किया कि प्रशासन से धारा 144 लागू होने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसके तहत सभा करने पर प्रतिबंध लगा है। हड़ताल करने पर नहीं। सीटू के सभी साथी घर में रह कर हड़ताल करें। यूनियन के आह्वान पर उस समय 5000 से अधिक कर्मियों ने हड़ताल किया था।

# जन्म प्रमाण पत्र फर्जीवाड़ा जैसे कोई बात ही नहीं है : रात्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पंचदेवरी ग्राम पंचायत में जन्म प्रमाण पत्र बनाने से लेकर आबादी पट्टा जारी करने जैसी कोई बात नहीं है। मेरे ऊपर जो भी आरोप लगाए गए है सभी बेबुनियाद और गलत है। इस तरह का आरोप लगाकर मेरी छबि खराब करने का प्रयास पंचदेवरी सरपंच संतकुमारी सोनके, पंच राजू लाल जांगडे समेत अन्य लोग है। उक्ताशय का आरोप ग्राम पंचायत ढौरखे सचिव महेश कुमार रात्रे ने कहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकाल में किसी भी तरह का फर्जीवाडा नहीं किया है। सचिव महेश कुमार रात्रे ने कहा कि सरपंच ने गोढ़ी में शौचालय निर्माण की राशि 2 लाख 40 हज़ार गलत तरीके से भुगतान करने का आरोप लगाया है। जबकि ऐसा कोई भी बात नहीं है बल्कि नियम कायदे के मुताबिक ही सभी कार्य किए गए है। जितने भी आरोप सरपंच व पंच द्वारा लगाए गए है सभी की जांच कर प्रतिवेदन भी मिल चुका है। इसके बाद भी गलत आरोप लगाकर मुझे बदनाम किया जा रहा है। पंचायत सचिव महेश कुमार रात्रे ने आरोप लगाया है कि सरपंच संत कुमारी सोनके, हेमंत कुमार यादव, रवि कुमार सोनके,



- पंचदेवरी संरपच का आरोप बेबुनियाद

राजू जांगडे द्वारा वर्ष 2021 से इसी बात को लेकर लगातार शिकायत कर प्रताड़ित कर रहे है। जबकि उक्त सभी शिकायतों की जांच की जा चुकी है। सचिव रात्रे ने बताया लगातार परिवार और मुझे टारगेट किया जा रहा है। जबकि फर्जीवाडा जैसे कोई बात नहीं होने पर भी बदमाम करने की साजिश रचते है। मेरे ऊपर आरोप लगाने वालों का सरकारी जमीन पर कई जगह पर कब्जा है। मेरी नौकरी को लेकर भी जबरन आरोप लगाया करते है। ग्राम पंचायत में निष्पक्ष काम करने का नतीजा है कि सरपंच समेत उनके लोगों द्वारा लगातार आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। तीन सालों से उक्त लोगों द्वारा हमेशा शिकायत कर परेशान किया जा रहा है।

### हाउसलीज संयुक्त संघर्ष की हुई बैठक

**भिलाई।** स्थाई बसाहट के लिए जारी आंदोलन हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की साप्ताहिक बैठक सेक्टर 2 में संपन्न हुई। आज की बैठक में पदाधिकारीयों ने जानकारी दी की भिलाई नगर की विभिन्न समस्याओं पर केंद्रित कर भिलाई बचाओ- न्याय यात्रा 26-27 अक्टूबर को स्टेट ऑफिस के सामने से सुबह 9:00 बजे निकाली जाएगी। प्रथम दिवस यात्रा टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में भ्रमण करेगी तथा दूसरे दिन यात्रा खुर्सीपार क्षेत्र में प्रवेश करेगी। इस दौरान शहर की इन्ही बुनियादी समस्याओं से जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आवास के निराकरण तथा अन्य सामाजिक समस्या यथा नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर जन जागरूकता तथा इसे पूरे औद्योगिक क्षेत्र से वायु- ध्वनि प्रदूषण के अलावा सामाजिक प्रदूषण हेतु जन आंदोलन का आह्वान किया जाएगा। आंदोलन विभिन्न जन संगठन हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति, छत्तीसगढ़ मातृ शक्ति संगठन, तथा लोकतांत्रिक इस्पात एवं इंजीनियरिंग मजदूर यूनियन के नेतृत्व में निकाली जाएगी । बैठक में पी.आर.वर्मा, गजानंद चौधरी, रमेश पाल, टीकम वर्मा, नारद साहू, राजेंद्र शर्मा, आर.एन. तिवारी आदि मौजूद थे।

# हाइवा की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




स्कूटी में भाई बहन मॉल जाने के लिए घर से निकले थे। अचानक स्कूटी फिसलने से युवती सड़क हादसे का शिकार हो गई। घटना में युवती की मौत हो गई। वहीं भाई को भी चोट आई है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि दीनदयाल कॉलोनी जुनवानी निवासी दीलप्रीत कौर अपनी स्कूटी से भाई के साथ सूर्यामॉल जाने को निकली थी। इस दौरान श्रीशंकराचार्य महाविद्यालय जुनावनी के पास अचानक स्कूटी सड़क पर फिसल गई। हादसे में पीछे से आ रहे हाइवा सीजी 04 जेडी 8569 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए स्कूटी को चपेट में लिया। हादसे में दीलप्रीत कौर की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसका भाई को मामूली चोट आई है। हादसे के बाद हाइवा चालक ने वाहन को खड़ा कर दिया। आसपास के लोगों ने चालक को मौके पर ही घेर लिया। सूचना पर टीआई विनीता पानीकर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुची और हाइवा को जब्त कर लिया। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। मृतका के शव को शास्त्री अस्पताल पीएम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के बाद मृतका का भाई काफी घबरा गया उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि हाइवा पीछे से रफ्तार से आ रही थी। उसके पीछले वाले चक्के की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

- घटना स्मृति नगर क्षेत्र का
- पुलिस ने किया वाहन को जब्त

# ब्रूसली हत्याकांड का फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**भिलाई।** ब्रुसली हत्याकांड करने वाला आरोपी चार माह से फरार था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि देवबलौदा में हुए ब्रूसली हत्याकांड का मुख्य आरोपी देवबलौद भिलाई तीन निवासी भीम बघेल को पकड़ लिया गया है। घटना 5 जून हुई थी। जिसमें



पुलिस ने एल. चिरंजीव उर्फ ब्रूसली की हत्या करने वाले दस आरोपियों को पुलिस ने पकड़े पकड़कर जेल भेज चुकी है। भीम बघेल फरार चल रहा था। घटना की रात मुकेश और जय सिंह शराब पीने बंधवा तालाब देवबलोदा की ओर गए थे। जहां पर ब्रूसली ने शेखर को फोन कर बंधवा तालाब शराब पीने के लिए बुलाया था।इसके बाद तालाब के पास मुकेश, जयसिंह, बुसली शराब पीने बैठे थे। मुकेश शराब लेने देवबलोदा शेखर के घर गया। शराब नही मिलने से वापस बंधवा तालाब देवबलौदा आ गया। शेखर शराब लेकर आया जहां पर चारों लोग शराब पीये। कुछ देर बाद शेखर चला गया। आरोपी भीम बघेल, अर्जुन बघेल, अजय बांधे तीनों बाइक से तालाब पहुचे। पुरानी रंजिश के चलते एल. चिरंजीव को भीम बघेल ने अपने हाथ में रखे लोहे के धारदार हथियार से ताबडतोड़ वार करना शुरु कर दिया। उसके बाद सभी ने वार कर मौत के घटा उतार दिया। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुची और घटना के दूसरे दिन आरोपी अर्जुन बघेल, दीपक उर्फ गोलू टण्डन, राजेश कुर्रे, भूपेन्द्र टण्डन, जसवंत मारकण्डे, देवा बंजारे, सुनील बांधे, चंद्रशेखर उर्फ शेखर सेन, अजय बाद और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया। भीम बघेल मौके से फरार था।

## ठंडी के दस्तक देते ही बच्चों व बड़ों की भीड़, अधूरे कोर्ट को करें पूर्ण

# टाउनशिप के बैडमिंटन कोर्ट्स में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ठंड के दस्तक देते ही बारिश दौरान वीरान पड़े टाउनशिप के बैडमिंटन कोर्ट्स में रौनक शुरु हो गई है। इसे देखते हुए विभिन्न सेक्टरों में कई अधूरे पड़े कोर्ट्स को पूर्ण किए जाने की मांग की जा रही है। इनके पूर्ण हो जाने से क्षेत्र के लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के सभी सेक्टरों में नगर निगम भिलाई द्वारा बैडमिंटन कोर्ट बनवाए गए हैं। सबसे ज्यादा कोर्ट सेक्टर 5, 6, 7 और सेक्टर 1 में हैं। हर सेक्टर में करीबन करीबन दर्जनभर बैडमिंटन कोर्ट बने हुए हैं। बरसात के मौसम के दौरान 4 माह तक इनमें वीरानी थी। मौसम खुला होने पर ही कुछ बच्चे चिड़िया खेलते दिखाई देते थे। अब ठंडी के मौसम के दस्तक देते ही अधिकतर बैडमिंटन कोर्ट्स बहार आ गई है। सेक्टर 5, 6, 7, व सेक्टर 10 आदि में सुबह व शाम को बच्चे, युवा, महिलाएं और बड़े उत्साह से गेम खेलते दिख रहे हैं। ड्यूटी से लौटने के बाद बीएसपी कर्मचारी भी बैडमिंटन खेल कर रिलेक्स हो रहे हैं। रात 11,12 बजे तक कोर्ट्स में रौनक होती है। दुर्गोत्सव के समाप्त होने के बाद एकदम से गहमागहमी बढ़ गई है।



#### बैडिंटन कोर्ट में पार्टी भी हो रही

ठंडी के मौसम में लोगों की सुविधा को देखते हुए अब अधूरे पड़े बैडमिंटन कोर्ट और नए कोर्ट्स का निर्माण कराए जाने की मांग भी वार्डवासी कर रहे हैं। सेक्टर 6, सेक्टर 3 व सेक्टर 8 सहित कुछ सेक्टरों में करीबन दर्जनभर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण अधूरा है। नगर निगम व विधानसभा चुनाव पूर्व कई वार्डों में पार्षदों द्वारा लोगों को सुविधा को देखते हुए बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराना निगम के द्वारा शुरु कराया गया था। लेकिन कुछ में अब तक फेंसिग, फ्लोरिंग आदि नहीं हो पाई है। वहीं कुछ सेक्टरों में और नए कोर्ट निर्माण किए जाने की मांग निगम से की जा रही है। जिनमें बिजली कनेक्शन नहीं हैं, लगाने की मांग भी की जा रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मनोरंजन व व्यायाम के लिए बच्चे, बड़े और महिलाएं चिड़िया खेलती हैं। लेकिन कोर्ट दूर होने या कम होने से सभी को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। कुछ बैडमिंटन कोर्ट का उपयोग तो लोग गरबा खेलने और बर्थडे या अन्य पार्टियों तथा सियासी कार्यक्रमों के लिए भी कर रहे थे। इस पर क्षेत्रवासियों ने आपत्ति जताई थी।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129




04 स्पेस का फैशन

लाइव इवेंट

## भिलाई यूथ सिख सेवा कमेटी के इंद्रजीत सिंह बने अध्यक्ष



**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड गुरूद्वारा में रविवार की शाम भिलाई शहर के सिख समाज के लोगों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसमें भिलाई यूथ सिख सेवा कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। समिति का अध्यक्ष समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू को बनाया गया है। इंद्रजीत बीते कई वर्षों से शहर के विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भागीदार रहे हैं। रविवार की शाम 4 बजे हाउसिंग बोर्ड गुरूद्वारा में भिलाई के सभी गुरूद्वारा के प्रमुख लोग संगठित होकर संयुक्त बैठक की। बैठक में समाज कल्याण के विषय महत्वपूर्ण चर्चा हुई। चर्चा के बाद सिख समाज के लोगों भिलाई यूथ सिख सेवा कमेटी का गठन किया। इंद्रजीत हैवी ट्रांसपोर्ट के संचालक और समाजसेवी हैं। बैठक में गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी छग सिख पंचायत से जसबीर सिंह चहल, भिलाई निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र सिंह अरोरा, कुलवंत सिंह, अध्यक्ष गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी बेबेनानकी गुरुद्वारा खुर्सीपार, इंदरजीत सैनी कैम्प-2 गुरुद्वारा, हरपाल सिंह, बलदेव सिंह, बलविंदर सिंह रंधावा, हरविंदर सिंह, जसवंत सिंह, कुलवंद कौर, राजेंद्र सिंह, तारा सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की करेंगे मदद

दायित्व मिलने के बाद इंद्रजीत सिंह छोटू ने बताया कि समाज की बैठक में सिख समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के युवक-युवतियों के लिए आर्थिक सहायता सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इंद्रजीत सिंह का कहना है कि सिख समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों की शादी के लिए साल में एक बार गुरुद्वारे में सामूहिक विवाह का आयोजन यूथ सिख सेवा कमेटी द्वारा किया जाएगा। इसमें उन बच्चियों की शादियां हो जाए। सिख समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शिक्षा के लिए हरसंभव आर्थिक सहायता कमेटी के द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि सिख समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभावान खिलाड़ियों को नेशनल एवं इंटरनेशनल खेल के लिए आर्थिक सहायता की व्यवस्था की जाएगी। गरीब परिवार में मृत्यु होने पर कार्यक्रम व लंगर की पूर्ण व्यवस्था कमेटी द्वारा की जाएगी। कमेटी नशे के खिलाफ और सिख समाज के कल्याण के लिए काम करेगी।



सिटी इवेंट

## गुजरात ने टॉस जीतकर पहले दिन 304 रन ठोके, प्रियेश ने बनाए नाबाद 98



- छत्तीसगढ़ और गुजरात के बीच सेक्टर-10 मैदान में खेला जा रहा मैच

**भिलाई।** बीसीसीआई हमारा निर्देशित एवं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को आगाज हुआ। मैच सेक्टर-10 स्थित बीएसपी मैदान में खेला जा रहा है। चार दिवसीय मैच के पहले दिन गुजराज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ की टीम टॉस हार गई। गुजरात ने पहले दिन चार विकेट खोकर 304 रन बनाए। इसमें प्रियेश ने नॉट आउट 98 रन की पारी खेली। कुशल पटेल उनका साथ दे रहे हैं, जिन्होंने नाबाद 74 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ की तरफ से गेंदबाजी करते हुए वरुण सिंह ने दो विकेट लिए। प्रशांत साईं पैकरा ने एक खिलाड़ी को आउट किया। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। इस मैच के अंपायर मनीष जैन एवं रोहित सिंगला हैं। मैच रेफरी पीएमएस रेड्डी, स्कोरर ऑनलाइन मनोज तिवारी, ऑफलाइन सचिन टांक हैं।

### सीएससीएस क्रिकेट प्रतियोगिता के भी मैच हो रहे

इधर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलीट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच भी खेले जा रहे हैं। रविवार को सेमीफाइनल मैच हुए। राजनांदगांव में रायपुर और बीसीए के मध्य हुए मैच में रायपुर ने आठ विकेट से मैच जीता। धमतरी में बिलासपुर और राजनांदगांव के बीच हुए मैच में बिलासपुर ने 75 रनों से जीत हासिल की। इस प्रकार रायपुर और बिलासपुर के बीच फाइनल मैच 22 अक्टूबर को राजनांदगांव में खेला जाएगा।

बाजार गुलजार : पुष्य नक्षत्र 24 अक्टूबर को, 31 को लक्ष्मी पूजा, बाजारों में बढ़ी रौनक

# सुख-समृद्धि के लिए धातु की प्रतिमाओं का विशेष महत्व, पूजा-अर्चना से होती है हर मनोकामना पूरी

दिवाली को लेकर बाजार सजकर तैयार हो गया है। बाजारों में रौनक भी नजर आने लगी है। लोग दीवाली की खरीदारी को लेकर बाजारों तक पहुंचने लगे हैं। सबसे ज्यादा भीड़ ऑटोमोबाइल सेक्टर में देखी जा रही है, जहां लोग गाड़ियां बुक कराने के लिए पहुंच रहे हैं। मुख्य रूप से 29 और 31 अक्टूबर की बुकिंग कराई जा रही है। ज्वेलरी खरीदने के लिए भी लोग पहुंच रहे हैं। पंडितों की मानें तो धातु की विशेष रूप से सोने-चांदी की प्रतिमाओं की पूजा अर्चना से सुख-समृद्धि के साथ मनोकामना पूर्ति होती है। धातु की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना विशेष फलकारी है। इस बार इसे लेकर अच्छा योग भी बन रहा है। इसके कारण लोग धातु की प्रतिमाओं की खरीदारी के लिए भी ज्वेलरी शॉप तक पहुंच रहे हैं।




**भिलाई।** इस बार दीवाली को लेकर संशय की स्थिति है। हालांकि पंडितों ने स्पष्ट किया है कि 31 अक्टूबर को ही दीपावली का त्योहार मनाएं। 1 नवंबर को गोवर्धन पूजा करें। इसे लेकर देशभर के पंडितों ने एकराय होकर सभी हिंदुओं से 31 अक्टूबर को ही दीपावली मनाए जाने की अपील की है। राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय ज्योतिष विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. रामपाल शास्त्री, काशी अखिल भारतीय विद्या परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. कामेश्वर उपाध्याय, अखिल भारतीय विद्या परिषद राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल शर्मा ने इसे लेकर संयुक्त बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि हमारे इस सर्वसम्मत निर्णय के उपरांत पूरे देश में किसी भी प्रकार के भ्रम या संशय की स्थिति नहीं रहेगी। 31 अक्टूबर दिन गुरुवार को प्रदेषकाल से मध्य रात्रि व्यापिनी कार्तिक अमावस्या लक्ष्मी पूजन करना शास्त्र सम्मत होगा। इसके अलावा किसी अन्य दिन लक्ष्मी पूजन शास्त्र सम्मत नहीं माना जा सकता। इसलिए सभी हिंदू इस दिन को ध्यान रखकर दीवावली का उत्सव मनाएं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि दिवाली का त्योहार कार्तिक कृष्ण



अमावस्या तिथि को मनाते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, दिवाली के लिए जरूरी कार्तिक अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को शाम 3 बजकर 52 मिनट से शुरु हो रही है। इस तिथि का समापन 1 नवंबर को शाम 6 बजकर 16 मिनट पर होगा। अमावस्या को निशिता मुहूर्त में लक्ष्मी पूजा का महत्व है। 1 नवंबर को निशिता मुहूर्त प्राप्त नहीं हो रहा है। ऐसे में दिवाली 31 अक्टूबर को मनाना अच्छा माना गया है।

### धनतेरस 29 को और नरक चतुर्दशी 30 को



पंडितों और ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक धनतेरस, धन्वंतरी जयंती 29 अक्टूबर दिन मंगलवार को मनाई जाएगी। वहीं नरक चतुर्दशी 30 अक्टूबर दिन बुधवार को मनाई जाएगी। भाई दूज 3 नवंबर, दिन रविवार को माना जाएगा। इसे लेकर किसी भी प्रकार का संशय नहीं है। पंचांग के हिसाब से इन तारीखें तय हैं। इन तिथियों पर ही आयोजन फलकारी होंगे।

### बाजारों में बढ़ी रौनक, खरीदारी के लिए पहुंच रहे लोग

इधर बाजारों में रौनक बढ़ रही है। ऑटोमोबाइल और ज्वेलरी सेक्टर में लोग ज्यादा पहुंच रहे हैं। इसके अलावा कपड़ों का बाजार भी गुलजार हैं। खरीदारी के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। शनिवार को दुर्ग भिलाई के प्रमुख बाजारों में जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, आकाशगंगा, प्रियदर्शनी परिसर, कैम्प-1 बाजार, स्मृतिनगर, दुर्ग में इंदिरा मार्केट, थोक कपड़ा मार्केट, सराफा लाइन में भीड़ उमड़ी। रविवार को भी ऐसा होने की उम्मीद है। इसके कारण कुछ व्यापारियों ने रविवार को दुकान बंद नहीं करने का भी निर्णय लिया है।



### हमारे यहां धातु की प्रतिमाएं उपलब्ध, डिमांड भी आ रही

हमारे यहां सोने-चांदी से बनी प्रतिमाएं उपलब्ध हैं। इसकी डिमांड भी आ रही है। लोग पूछने के लिए आ रहे हैं। कई लोगों सोने-चांदी की प्रतिमाओं की पूजा करते हैं। ऑर्डर देकर भी हम ऐसी प्रतिमाएं तैयार करते हैं। - **लोकेश जैन,** सहेली ज्वेलर्स दुर्ग

## किसी की निंदा न करने वाला, क्रोध विजेता ही गुणी व्यक्ति होगा, यह बात हमें रामायण से सीखने को मिली

- संस्कृत भारती और आर्य समाज ने मनाई महर्षि वाल्मीकि की जयंती

**भिलाई।** आर्य समाज एवं संस्कृत भारती ने मिलकर रविवार को वाल्मीकि जयंती का आयोजन किया। आयोजन आर्यनगर दुर्ग में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में पवित्र वैदिक अग्नि में आर्य समाज के सदस्यों ने आहुति दी। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. जनेंद्र दीवान ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने राम के यथार्थ और अनुकरणीय चरित्र को दुनिया के सामने रखा। महर्षि वाल्मीकि राम के समकालीन थे। कई बार पीड़ा होती है, यह देखकर की वाल्मीकि को किसी एक वर्ग या जाति विशेष का समझाया जाता है। महापुरुष संपूर्ण मानवता के धरोहर होते हैं और उनके मार्ग पर चलने से संपूर्ण विश्व का कल्याण होता है। महर्षि वाल्मीकि लौकिक संस्कृत साहित्य के आदि कवि हैं। विश्व का पहला आदि काव्य रामायण ही है, जिसे महर्षि वाल्मीकि ने लिखा था। किसी की निंदा न करना, धर्मज्ञ, क्रोध पर विजय प्राप्त करने वाला गुणी माना जाए, यह बात हमें रामायण से सीखने को मिली। आर्य ने कहा कि हमेशा अच्छाई की जीत होती है। प्रत्येक काम को सद्भाव और लगन के साथ करना चाहिए। वाल्मीकि



रामायण में राम के आदर्श गुणों का वर्णन है, जिससे मानव जीवन को ऊंचा उठाया जा सकता है। गुणी किसी की निंदा न करने वाला, धर्मज्ञ, सेवा करने वाला, कृतज्ञ, सच बोलने वाला, दृढ़प्रतिज्ञ, सदाचारी सभी प्राणियों का रक्षक, विद्वान, सामर्थ्यशाली, प्रियदर्शन, मन पर अधिकार रखने वाला, क्रोध जीतने वाला, कांतिमान, सुंदर संयमी होता है। आयोजित कार्यक्रम में जनेंद्र कुमार दीवान, जनपद संयोजक संस्कृत भारती, सुनील कुमार शुक्ल, संजय, मनोज, कृष्णमूर्ति, तुषार, अंकित, आनंद किरण, अतुल, आशुतोष, अतुल, कान्हा, सत्यभामा, दामिनी, भोपेश, चेतन सहित समस्त आर्य बंधु मौजूद थे।

## जनजातीय गौरव पर चित्रकला प्रतियोगिता, प्रतिभागी होंगे सम्मानित

- शासकीय पॉलीटेक्निक में आयोजन, 16 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**दुर्ग।** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में जनजातीय गौरव स्मृति पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पेंडिंग के जरिए प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज की अनूठी परंपरा, जीवनशैली और कलात्मक अभिव्यक्तियों को उजागर किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य प्रकाश कुमार पांडे ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राखी जंघेल, गुलशन कुमार ठाकुर, कार्यक्रम समन्वयक प्रदीप राजपूत और अंकिता साहू के साथ-साथ निर्णाधिक के रूप में ईषिता साहू और चांदनी पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिगामियों को प्रोत्सादन देने के लिए उन्हें प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जनजातीय संस्कृति की गदराई को दर्शाने और प्रतिभागियों के कलात्मक दृष्टिकोण को सामने लाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।



नृत्यधाम कला समिति का आयोजन, समारोह का समापन आज

## 6 कला साधकों को मिला श्रीश्री जयपद्मा सम्मान

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** नृत्यधाम कला समिति द्वारा शनिवार को एसएनजी स्कूल सेक्टर 4 में श्रीश्री जयपद्मा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। विजेता प्रतिभागियों के नामों की घोषणा रविवार को की गई। 6 प्रतिभागियों को श्रीश्री जयपद्मा सम्मान से नवाजा गया। 21 अक्टूबर आयोजन का अंतिम दिन है। नृत्य गुरु डॉ. राखी रॉय ने बताया कि 21 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित है। विगत 13 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले कुल 22 प्रतिभागियों का चयन श्रीश्री जयपद्मा सम्मान के लिए किया गया था। श्रीश्री जयपद्मा सम्मान पाने शनिवार को एसएनजी स्कूल सेक्टर 4 भिलाई में 22 प्रतिभागियों ने नृत्य, गायन और वादन की प्रस्तुति दी। प्रत्येक प्रतिभागियों को प्रस्तुति के साथ तीन पड़ाव से गुजरना पड़ा। पहले राउंड में 22 प्रतिभागियों से 11 लोग सेकंड राउंड में पहुंचे। जजो द्वारा प्रस्तुति के बाद बच्चों से सुर, लय, ताल सहित कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक, मोहिनी अट्टम और गायन से संबंधित कई सवाल किए गए। फाइनल राउंड में उत्कृष्ट प्रस्तुति और सवालों का सही उत्तर देने वाले 6 प्रतिभागियों का चयन श्रीश्री जयपद्मा





सम्मान के लिए किया गया। श्रीश्री जयपद्मा सम्मान पाने वाले प्रतिभागियों में दुष्यंत साहू मध्य प्रदेश, रश्मि बसाई जबलपुर, सृष्टि मलिक कोलकाता, डॉली जसवानी रायपुर, आयुषी बलाईया बिलासपुर और प्रियांशी जेना रायपुर शामिल हैं। जज के रूप में गुरु अनीता राज ओडिसी नृत्य, अमृता सान्याल कथक, जुगराज कथक, कामना नायक भरतनाट्यम, दीपेन्द्र हालदार संगीत, शोरमिष्टा नंदी संगीत उपस्थित थे।



सिटी इवेंट

## जलजगार महोत्सव में धृति ने किया दुर्ग का प्रतिनिधित्व



■ सफाई एवं प्रबंधन पर दिए अपने सुझाव

**भिलाई।** जल संरक्षण एवं जल बचाओ कल बचाओ अभियान के अंतर्गत अंतराष्ट्रीय जलजगार महोत्सव 2024 के कार्यक्रम का आयोजन धमतरी के रविशंकर जलाशय प्रांगण में युवा विधानसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के दुर्ग जिले से सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा भिलाई की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका धृति वैष्णव ने विधानसभा में विपक्ष के विधायक की भूमिका निभाई। इस मॉक विधानसभा में धृति ने उद्योगों से निकलने वाले दूषित पानी की समस्या का वर्णन करते हुए सरकार को इसके सही तरीके से सफाई एवं प्रबंधन पर अपने सुझाव दिए। पूरे छत्तीसगढ़ से 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय अतिथियों के समक्ष धृति वैष्णव ने सिल्वर वाटर लीडर के रूप में द्वितीय पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र अर्जित किया। महाविद्यालय के मैनेजर बिशप हिस ग्रेस एलेक्सीओस मार युसेबिओस एवं प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ पीएस वर्गीस ने धृति वैष्णव को इस उपलब्धि के लिये शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन ने धृति वैष्णव को बधाई देते हुए कहा की सेंट थॉमस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सदैव अपने कार्यों से महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र इखार, समस्त प्राध्यापकगण, स्वयंसेवक एवं सभी कर्मचारियों ने धृति को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनायें दी।

● ट्विनसिटी में जगह-जगह करवाचौथ पर आयोजन, सुहागिनों में दिखा उत्साह

# सज-धजकर पति की लंबी आयु का मांगा वरदान, चांद को देख व्रत का किया पारण

**भिलाई।** पति की दीर्घायु एवं सदा सुहागिन रहने के लिए रविवार को महिलाओं ने सुबह सरगी खाकर और रात में चांद का दीदार कर करवाचौथ का पर्व उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर अनेक स्थानों में सामूहिक पूजा का आयोजन भी किया गया था। अचानक पौने चार बजे झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया, तो वही कई स्थानों में 4 बजे होने वाली सामूहिक पूजा शाम 6 बजे शुरु हुई और आकाश में बादल छाये रहने के चलते चांद का दीदार भी देरी से हुआ। ट्विनसिटी में करवाचौथ पर्व पर हर्षोल्लास का वातावरण दिखाई दिया। सुबह सरगी के साथ व्रत शुरु हुआ। कार्तिक मास के चतुर्थी तिथि के अवसर पर सभी सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग की लंबी आयु व कुंवारी युवतियों ने सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए दिनभर करवाचौथ का व्रत रखकर शाम को विधिवत पूजा अर्चना की और रात में बादलों के बीच छिपे चंद्रदेव के दर्शन कर जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया।





रविवार की सुबह पंजाब व उत्तरभारतीय महिलाओं ने सरगी ग्रहण कर एक दिवसीय निर्जला व्रत की शुरुवात की। शाम को सोलह श्रृंगार कर सभी महिलाएं अपने समूहों के साथ बैठकर पूजा की थाली का आदान-प्रदान कर करवा माता की कथा सुनी और अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए करवा माता से आर्शिवाद मांगा। सेक्टर 1 व मैत्रीकुंज में भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने करवाचौथ पर पूजा अर्चना की। लोकनगर उमरपोटी भिलाई में हरदिका कौर, संगीता कौर व ललिता चौपड़ा सहित सभी महिलाओं ने एकसाथ पूजा अर्चना की।





### लोकांगन में भजनों के साथ हुई विधिवत पूजा



वैशाली नगर के लोकांगन में पिछले 21 सालों से करवाचौथ पर सबसे बड़ा आयोजन वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा किया जाता रहा है। इस 22वें वर्ष के आयोजन में रविवार को लोकांगन मैदान सैंकड़ों महिलाओं से भरा दिखाई दिया। जहां सभी व्रती प्रमिला सिंह के मार्गदर्शन में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर रहीं थी वहीं महिलाओं ने पूजा की शुरुआत प्रथम पूज्य गणेश की सामूहिक भजन गाकर की। जिससे पूरा लोकांगन परिसर संगीतमय भजनों से गूंज उठा। जिसका सभी लोगों ने आनंद लिया और भक्ति में सराबोर दिखाई दिये।

### सिमरन का साथ देने पति सुमीत ने रखा व्रत



इस प्रागंण में पहला करवाचौथ व्रत रखने वाली वैशाली नगर की निकिता मेहरा, ज्योति अग्रवाल, प्राची शर्मा, कोमल मेहता, शशि खुराना, कुसुम सहित कई नव सुहागिनों ने विधि पूर्वक व्रत कर पूजा अर्चना की। वही 68 वर्षीय कुसुमलता शर्मा ने भी करवाचौथ का व्रत किया। पूजा स्थल पर व्रती सिमरन आहूजा ने बताया कि सिमरन के साथ उनके पति सुमित आहूजा पिछले 8 सालों से एक साथ व्रत कर पूजा करने लोकांगन आते है।

### जुटी सैकड़ों व्रती महिलाएं

सखी मंच के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक पूजा के आयोजन में महिलाएं शाम को श्रृंगार कर पूजन सामाग्री लेकर लोकांगन पहुंची। सूर्य अस्त होने तक महिलाएं बारी बारी से पूजा करती रही। जिससे लोकांगन परिसर व आसपास का पूरा भक्तिमय वातावरण दिखाई दिया। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि विगत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष करवाचौथ पर भव्य आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 20 सालों से निरंतर 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला से लेकर नई नवेली बहुएं पूजा करने आती है। इस बार इस पूजा में जिनकी इस वर्ष शादी होने वाली है उन्होंने भी व्रत रखकर विधिवत पूजा अर्चना की।

समाज लाइव

## वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं व समाधान पर डाला प्रकाश




**भिलाई।** प्रगति गोंडवाना महिला समाज छत्तीसगढ़ तथा अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक संघ के सहयोग से ग्राम पंचायत बोरतरा में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालोद विधायक संगीता सिन्हा, विशिष्ट अतिथि यमला साहू अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक संघ के महिला समिति अध्यक्ष तथा डॉ वेदवती मंडावी अध्यक्ष प्रगति गोंडवाना महिला समाज छत्तीसगढ़ थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत बोरतरा के सरपंच खेवनलाल उइके ने किया। विशेष रूप से हेल्पेज इंडिया के पदाधिकारी मुकेश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता दुर्गा की पूजा अर्चना कर किया गया। जिसके बाद डॉ वेदवती मंडावी ने कार्यक्रम का उद्देश्य तथा वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं तथा समाधान पर प्रकाश डाला। यमला साहू ने अन्य राज्यों तथा छत्तीसगढ़ में मिलने वाली सरकारी सुविधाओं की ओर इंगित किया। मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा ने भी वरिष्ठ नागरिकों की मिलने वाली सरकारी सुविधाओं की जानकारी देते हुए डॉ वेदवती मंडावी तथा यमला साहू के प्रयासों को सराहा तथा वरिष्ठ नागरिक जनों के लिए भवन सुविधाएं उपलब्ध कराने की घोषणा की। हेल्पेज इंडिया के पदाधिकारी ने भी वरिष्ठों को उपयोगी जानकारी दी एवं संबंधित किताबों को दिया।सम्मान समारोह में शामिल समस्त चालीस वरिष्ठों का सम्मान अतिथियों द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट करके किया गया। ग्राम वासियों में खेवनलाल उइके सरपंच, केशव राम, बसंत, लोकनाथ, केजू, रामाधीन सिन्हा, नेतराम बुधा, कमला लीला बुढ़ियारिन, भीखम, बिसाली राम आदि तथा समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

आयोजन...

## दिव्यांगता एक चुनौती है पुस्तक का सीएम हाउस में हुआ विमोचन

**भिलाई।** दिव्यांगता एक चुनौती है जिसे खुद एक दिव्यांग व्यक्ति ही महसूस कर सकता है। इसी दिव्यागंता की चुनौती को अवसर में बदलने के उद्देश्य से दिव्यांगता पर एक पुस्तक लिखी गई। सीएम हाउस में शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिव्यांगता पर आधारित पुस्तक दिव्यांगता चुनौतियों से अवसर तक का विमोचन किया।



इस महत्वपूर्ण कृति को के शारदा, प्रीति शांडिल्य और डॉ. अभिनव मिश्रा ने रचा है। के शारदा हाल ही में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं, जबकि प्रीति शांडिल्य को इस वर्ष के राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। वहीं डॉ अभिनव मिश्रा अंग्रेजी पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतरीन कार्यों के लिए राज्य सरकार द्वारा सराहे जा चुके हैं। पुस्तक का संपादन के शारदा ने किया है। इस पुस्तक छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं, संसाधनों और सुविधाओं का व्यापक विवरण दिया गया है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया, दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं और अधिकारों से संबंधित जानकारी भी दी गई है। इस पुस्तक के लेखकगण के शारदा एवं प्रीति शांडिल्य शिक्षिकाएं हैं, जबकि अभिनव मिश्रा पत्रकार हैं। पुस्तक विमोचन के अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप, भाजपा सोशल मीडिया से जुड़े शांतनु सिन्हा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने लेखकों द्वारा इस महत्वपूर्ण विषय को उजागर करने की पहल की प्रशंसा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पुस्तक न केवल दिव्यांग समुदाय बल्कि समूचे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

15 राज्यों के स्वयंसेवक लेंगे भाग

## राष्ट्रीय शिविर में वेदिका का चयन



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय भिलाई की बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा वेदिका लाढ़ का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है।

यह शिविर 23 से 28 अक्टूबर तक हिसार, हरियाणा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत के 13-15 राज्यों के स्वयंसेवक भाग लेंगे। सात दिवसीय इस शिविर में देसी खेलों, प्रतियोगिता और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय की एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी संयुक्ता पाढ़ी ने बताया कि हमारे लिए गौरव का विषय है कि भिलाई-दुर्ग के सभी महाविद्यालयों में एकमात्र स्वयंसेविका के रूप में वेदिका लाढ़ का चयन हुआ है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ हंसा शुक्ला तथा मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी सहित सभी प्राध्यापकों ने वेदिका को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह एक राष्ट्रीय मंच है जहां वेदिका न केवल अपने हुनर को प्रदर्शित करेगी बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों के युवाओं के साथ विचारों का आदान-प्रदान भी करेगी। महाविद्यालय को इस उपलब्धि पर गर्व है।

## भिलाई विद्यालय का एलुमनी मीट 22 दिसंबर को



**भिलाई।** भिलाई विद्यालय एलुमनी एसोसिएशन की बैठक रविवार को इंडियन कॉफ़ी हाउस भिलाई में हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामलाल देवांगन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में भिलाई विद्यालय की एलुमनी मीट 22 दिसम्बर 2024 को कराए जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में आयोजन को सुव्यवस्थित एवं योजनाबद्ध ढंग से कराने के लिए गठित विभिन्न समितियों की कार्य योजनाओं की समीक्षा की गई। भिलाई विद्यालय परिसर में गांधी प्रतिमा स्थापित करने साथ ही विद्यालय परिसर के सौंदर्यकरण के लिए आवश्यता अनुरूप कार्य करने का निर्णय लिया गया। आय-व्यय समिति द्वारा एलुमनी सदस्यों से एलुमनी मीट के लिए लगातार प्राप्त हो रही राशि का विवरण दिया गया। अध्यक्ष ने प्रत्येक समितियों के संयोजकों को समय-समय पर फॉलोअप मीटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से महासचिव सुनील यादव, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह, अजय शर्मा, ईवी राजन, अतुल कामले, डॉ. गुरमीत विज, विनोद दुग्गल, राकेश साहू, विशाल आनन्द, मनोज पांडे, वेणु गोपाल शेट्टी, सत्यनारायण बंछोर, अजय पोपली आदि उपस्थित थे।

सिटी इवेंट

## चेंबर का आया त्योहार चलो बाजार अभियान,किया जागरूक



■ राधा किशन चौक सर्कुलर मार्केट में लगाया गया शिविर

**भिलाई।** छग चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई का आया त्योहार चलो बाजार के अंतर्गत सर्कुलर मार्केट राधा किशन चौक पर बैंक आफ बड़ौदा एवं भिलाई चेम्बर की संयुक्त टीम ने न्यू करेंन्सी नोटों का शिविर लगाया। इसमें पुराने नोटों को बदलकर न्यू करेंसी नोटों को व्यापारियों को दिया गया। व्यापारी वर्ग की एक बड़ी समस्या न्यू करेंसी है। इसे लेकर चेंबर ऑफ कामर्स ने बैंक के अधिकारियों से चर्चा की। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने उन्हें अवगत कराया कि आगामी त्योहार के लिए शिविर लगाया जाए, इसके बाद शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सभी व्यापारियों ने आगे बढ़कर हिस्सा लिया। सुबह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 11 में आया त्योहार चलो बाजार की अपील की गई। ताकि ग्राहक अधिक से अधिक संख्या में बाजार पहुंचें। इस अवसर पर राम ओबेराय, शिवराज शर्मा, पवन जिंदल, रितेश अग्रवाल, सुनील मिश्रा, चिन्ना राव, प्रेम रत्न गहलोत, जितेन्द्र खैत्रपाल, विजय गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई में हुआ आयोजन

कार्नर न्यूज

## अंबेडकर सांस्कृतिक भवन में हुआ समापन

# अश्विन पूर्णिमा में वर्षावास, हुआ परित्राणाय पाठ, बुद्ध के मार्ग पर चलने लिया संकल्प

**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई पं क्र 1119 के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में वर्षावास समापन समारोह अश्विन पूर्णिमा कार्यक्रम संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। वर्षावास कार्यक्रम जुलाई आषाढ़ पूर्णिमा से भंते सप्पजनो (अरूणाचल प्रदेश) व भंते उत्तमो मग्गो के सानिध्य में चल रहा था। जो अश्विन पूर्णिमा का समाप्त हुआ। वर्षावास समापन समारोह में भंते ने दीप प्रज्जलित, तथागत भगवान बुद्ध के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं डॉ अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात पूजा वंदना की और परित्राणाय पाठ किया गया।



### सदस्यों ने संस्था को दिया धम्म दान, दिनभर चला कार्यक्रम

जिसके बाद भंते ने धम्म देशना और धम्म प्रशिक्षण में कहा कि भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलकर अपना जीवन सुखी बनाये। इसमें उपस्थित सभी अनुयायियों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम सुबह 9.30 शुरू हुआ जो दिन भर चला। तथागत समाज कल्याण समिति, तथागत मुजिकल ग्रुप के अध्यक्ष अनिल साखरे, महासचिव धनंजय मेश्राम और सदस्यों ने संस्था को धम्म दान दिया गया। संस्था की अध्यक्ष सविता ने कार्यक्रम के आयोजन में अपना सहयोग करने वाले सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव रामराव ढोक ने किया।

### बौद्ध महासभा के सदस्य हुए शामिल

इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम, उपाध्यक्ष विनोद वासनीक, कृष्णा बंसोडकर, देवानन्द मेश्राम, महासचिव रामराव ढोक, सचिव धरमपाल गजभिये, अशोक शाम कुवर, सह सचिव अजय अडकने, किर्ति लांजेवार, कोषाध्यक्ष भागवत बांगड़े, लेखापाल प्रदीप सोमकुवर, उप कोषाध्यक्ष अशोक नंदेश्वर, प्रचार प्रसार प्रभारी ठानेन्द्र कामड़े, कार्यकारी सदस्य आईके रामटेके ज्ञानचंद टेंभुरकर, जेबी पाटील, डीपी भोर, बुद्ध प्रकाश मेश्राम, वसंत नंदेश्वर, रंजू खोब्रागडे, प्रितेश पाटील, आशिष चौहान, प्रियंवदा वासनीक, जालेन्द ऊके हरि किशन भवते, विनायक चौथे, रविन्द्र गाडगे, कमलराज मेश्राम, मनोहर, नरेन्द्र नारनवरे, अजय गणवीर, अशोक ढवले, अनिल रंगारी, मीना नारनवरे, कुसुम गजभिये, पूनम ढोक, सुनिता सुखदेवे, लीना वैद्य, शालू दामले, कल्पना गजभिये, जयश्री बौद्ध और सभी उपासक-उपासिकाएं, अनुयायी उपस्थित थे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आगे


शशांक


आशीष

**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. की ओर से रणजी ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 11 अक्टूबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच (18 - 21 अक्टुबर) राजकोट में सौराष्ट्र टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 174 ओवरों में 7 विकेट खोकर 578 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान अमनदीप खरे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये नाबाद 203 रन बनाये ।

इसके अतिरिक्त संजित देसाई ने भी शानदार शतक लगाते हुये 146 रनों की पारी खेली। शुभम अग्रवाल तथा आयुष पांडे ने 52-52 रनों का योगदान दिया। सौराष्ट्र की ओर से धर्मेन्द्र जडेजा, नवनीत तथा पार्थ ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। जबकि जयदेव उनतकट विकेट लेने में असफल रहे। सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी में 55 ओवरों में 2 विकेट खोकर 177 रन बना लिए है। सौराष्ट्र ने अपने दोनों प्रारंभिक बल्लेबाज जल्दी खो दिये। परंतु चेतेश्वर पुजारा तथा शेल्डन जैक्सन ने पारी को संभालने हुये तीसरे विकेट के लिये 96 रनों की साझेदारी की। पुजारा 75 रन तथा जैक्सन 57 रनों पर नाबाद बल्लेबाजी कर रहें हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से आशीष चौहान तथा शशांक सिंह ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 401 रनों से आगे है।

### अखिल भारतीय खो-खो में मध्य रेलवे की टीम प्रथम रही



**रायपुर।** 18 वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे पुरुष खो-खो प्रतियोगिता 2024-25 का समापन एवं पुरस्कार वितरण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के सामने स्थित खो-खो ग्राउंड में 17 से 19 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच मेजबान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम एवं मध्य रेलवे की टीम के मध्य खेला गया। जिसमें मध्य रेलवे की टीम मेजबान टीम दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को पराजित कर इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता रही। दूसरे स्थान पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम एवं तीसरे स्थान पर पश्चिम रेलवे की टीम रही ।

इस प्रतियोगिता दक्षिण मध्य रेलवे,मध्य रेलवे,पश्चिम रेलवे,उत्तर रेलवे,रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने हिस्सा लिया। इन टीमों से 13 ऑफिशियल के साथ लगभग 88 खिलाड़ी शामिल हुए। रेलवे से चयनित 14 रेफ़रियों के दल को जिम्मेदारी रेलवे बोर्ड द्वारा दी गयी थी । साथ ही यहां रेलवे बोर्ड से नामित 4 चयनकर्ता भी उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता के लीग मैचों में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को पराजित किया। मध्य रेलवे ने वेस्टर्न रेलवे को पराजित किया। पश्चिम रेलवे ने उत्तर रेलवे को पराजित किया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड को पराजित किया। मध्य रेलवे ने उत्तर रेलवे को पराजित किया। दक्षिण मध्य रेलवे ने रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड को पराजित किया। सेमी फाइनल मैचःमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पश्चिम रेलवे को पराजित किया। मध्य रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को पराजित किया। फाइनल मैच में फाइनल मैच में मध्य रेलवे की टीम ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की मेजबान टीम को पराजित कर इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम एवं तीसरे स्थान पर पश्चिम रेलवे की टीम रही।

इस अवसर पर प्रतियोगिता के समापन समारोह की मुख्य अतिथि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने कहा कि सभी ने एक अच्छे टीमवर्क का परिचय देते हुए बहुत बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की मेजबानी में आयोजित इस खो–खो प्रतियोगिता में बिलासपुर एवं आस-पास के खेल प्रेमियों ने खो-खो प्रतियोगिता के साथ-साथ अलग-अलग रेलवे जोन से आए हुए राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन का भरपूर आनंद उठाया ।



### नियमित अंतराल पर जांच कराएं और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित करने उपाय अपनाएं

# हाई कोलेस्ट्रॉल से सिर्फ हृदय ही नहीं, दूसरे अंगों पर भी पड़ता है असर, तुरंत कराएं जांच

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता रहा है, इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव हृदय स्वास्थ्य पर देखा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हाई कोलेस्ट्रॉल के शिकार लोगों में हृदय रोग, हार्ट अटैक जैसी गंभीर और जानलेवा समस्याओं का खतरा काफी अधिक हो सकता है। सभी लोगों को नियमित अंतराल पर इसकी जांच और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने वाले उपाय करते रहना चाहिए।

कोलेस्ट्रॉल एक मोम और वसा जैसा पदार्थ होता है, अच्छे स्वास्थ्य के लिए इसकी सही मात्रा आवश्यक है। शरीर को कुछ प्रकार के हार्मोन्स, विटामिन-डी और भोजन को पचाने में मदद करने वाले पदार्थों को बनाने के लिए कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है। हालांकि यदि आपके खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाती है तो इसके कई दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक होने के कारण प्लाक का जमाव होने लगता है। प्लाक के कारण धमनियां संकरी या अवरुद्ध हो सकती है। इस तरह की स्थिति रक्त के प्रवाह को बाधित कर देती है जिससे हृदय स्वास्थ्य पर गंभीर असर हो सकता है।हालांकि कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के दुष्प्रभाव सिर्फ हृदय रोगों तक ही सीमित नहीं हैं, इसका शरीर पर और भी कई तरह से नकारात्मक असर हो सकता है।



### हाई कोलेस्ट्रॉल, हृदय के लिए क्यों हानिकारक है?

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति कई प्रकार से हृदय के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है। सबसे पहले हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण आपकी धमनियों में प्लाक बनने का खतरा रहता है, जो इसे संकीर्ण कर देती हैं। इस स्थिति में हृदय में रक्त का प्रवाह अवरुद्ध होने लगता है। हृदय तक सही तरीके से या निरंतर रक्त न पहुंचने के कारण सीने में दर्द या दिल का दौरा पड़ने का खतरा हो सकता है। हाई कोलेस्ट्रॉल शरीर में इंफ्लामेशन बढ़ाने वाली भी मानी जाती है, जिससे रक्त वाहिकाएं सख्त हो सकती हैं। इससे आपके हृदय को रक्त पंप करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे रक्तचाप बढ़ा रहता है। ब्लड प्रेशर बढ़े रहने के कारण भी हृदय रोगों का खतरा हो सकता है।

### स्ट्रोक का भी बढ़ जाता है खतरा

हाई कोलेस्ट्रॉल के दुष्प्रभाव सिर्फ हृदय रोगों तक ही सीमित नहीं हैं, इसके कारण स्ट्रोक का भी जोखिम हो सकता है। कोलेस्ट्रॉल के कारण बनने वाले प्लाक सिर्फ आपके दिल और उसके आस-पास की रक्त वाहिकाओं को ही प्रभावित नहीं करते हैं, वे मस्तिष्क तक जाने वाली कुछ धमनियों को भी संकीर्ण कर देते हैं। अगर मस्तिष्क तक रक्त ले जाने वाली कोई वाहिका पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाती है, तो आपको स्ट्रोक हो सकता है। स्ट्रोक और हार्ट अटैक दोनों को मौत के प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है।

### बढ़ सकती हैं डायबिटीज की जटिलताएं

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है उन्हें कोलेस्ट्रॉल को लेकर और भी अलर्ट रहने की आवश्यकता होती है। हाई ग्लूकोज और हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या आपके लिए कई तरह से जटिलताओं को बढ़ाने वाली मानी जाती है। डायबिटीज वाले लोगों में हृदय रोगों का खतरा भी अधिक होता है, इसलिए मधुमेह के शिकार लोगों को कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर दोनों को कंट्रोल में रखना जरूरी है।

### इरेक्टाइल डिस्फंक्शन के हो सकते हैं शिकार

हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण नपुंसकता बढ़ने का भी जोखिम देखा जाता रहा है। लंबे समय में, कोलेस्ट्रॉल का स्तर अधिक रहने के कारण जननांग की छोटी रक्त वाहिकाओं के संकुचित होने का भी खतरा हो सकता है इससे इरेक्शन प्राप्त करने में भी कठिनाई होती है। हाई कोलेस्ट्रॉल आपके हृदय और लिंग दोनों में रक्त के प्रवाह को बाधित कर सकती है, जिसके कारण इरेक्टाइल डिस्फंक्शन का जोखिम हो सकता है।





## जंप स्क्वॉट्स करते हुए छोटी-छोटी गलतियों से लग सकती है चोट

वर्कआउट करते हुए हम सभी स्क्वॉट्स को जरूर करती हैं। लेकिन अगर आप अपने वर्कआउट रूटीन को नेक्स्ट लेवल पर ले जाना चाहती हैं तो ऐसे में जंप स्क्वॉट्स करने पर विचार करें। जंप स्क्वाट्स उन किलर एक्सरसाइज में से एक है जो आपको कुछ ही सेकंड में ऐसा महसूस कराती है कि आप कड़ी मेहनत कर रही हैं। इसे आप अपने लेग डे से लेकर HIIT के दौरान शामिल कर सकती हैं। चूंकि इसमें आपको जंप करना होता है, इसलिए थोड़ा अतिरिक्त ध्यान रखने की जरूरत होती है। किसी भी अन्य एक्सरसाइज की तरह अगर जंप स्क्वाट्स को गलत तरीके से किया जाता है तो इससे आपको चोट लग सकती है। यकीनन आप ऐसा कभी नहीं चाहेंगी। इससे आपको घुटने के दर्द से लेकर पीठ के दर्द तक, यहां तक कि इंजरी भी हो सकती है। इसलिए यह विशेष रूप से सलाह दी जाती है कि जंप स्क्वाट्स करते समय आप छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखें और कुछ गलतियों से बचें। फिटनेस एक्सपर्ट और योग विशेषज्ञ जितेन्द्र कौशिक बता रहे हैं कि जंप स्क्वाट्स करते समय आपको किन-किन गलतियों से बचना चाहिए-

### खराब पोश्चर होना



जब आप जंप स्क्वाट्स करते हैं तो उस दौरान आपका पोश्चर काफी मायने रखता है। कई बार लोग कूदते समय अपनी पीठ को झुकाते या हल्का झुकते हैं। लेकिन ऐसा करने से आपकी पीठ के निचले हिस्से पर दबाव पड़ सकता है। इसलिए, पीठ दर्द से बचने के लिए आपको अपनी छाती को ऊपर, कंधों को पीछे और कोर को पूरे समय एक्टिव रखना चाहिए। इससे आपकी रीढ़ अधिक सुरक्षित स्थिति में रहती है।

### बहुत ज़्यादा कूदना

कई बार यह भी देखने में आता है कि जब लोग जंप स्क्वाट्स करते हैं तो उस समय बहुत ज़्यादा जोर से कूदने की कोशिश करते हैं। हालांकि, ऐसा करना सही नहीं माना जाता, क्योंकि इससे आपका बॉडी फ़ॉर्म बिगाड़ सकता है। बॉडी फॉर्म बिगड़ने से चोट लगने की संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं, इससे आपको घुटने या कमर में दर्द की शिकायत भी हो सकती है।

### सॉफ्टली लैंड न करना



कई बार जब जंप स्क्वाट्स किया जाता है तो लोग वापिस आते हुए भी बहुत जोर देते हैं। वे तेजी से अपने पैरों को ज़मीन पर पटकते हैं। हालांकि, ऐसा करने का अर्थ है कि आप अपने घुटनों और जोड़ों पर बहुत ज़्यादा दबाव डाल रहे हैं। जब घुटनों और टखनों पर अनावश्यक तनाव पड़ता है, तो इससे जोड़ों में दर्द हो सकता है। इसलिए, हमेशा थोड़ा धीरे से वापिस आने की कोशिश करें।

यह जंप स्क्वाट्स करते हुए की जाने वाली आम गलती है। अमूमन यह देखने को मिलता है कि जब आप जंप स्क्वाट्स करते हैं तो इस दौरान आपके घुटने अंदर की ओर मुड़ जाते हैं।

## घर में बना रही हैं किचन गार्डन तो आजमाएं वास्तु के ये नियम

अपने मानसिक तनाव को दूर करने और शुद्ध पौधे लगाने के लिए घर में किचन गार्डन बनाना एक बेहतरीन तरीका माना जाता है। किचन गार्डन का भी एक वास्तु होना जरूरी है और आपको वास्तु के सही नियमों का पालन करते हुए ही घर में किचन गार्डन बनाने की सलाह दी जाती है। वास्तु एक्सपर्ट डॉ मधु कोटिया बता रही हैं किचन गार्डन बनाने के वास्तु उपायों के बारे में।

### किचन गार्डन के लिए सही दिशा जरूरी है

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में किचन गार्डन लगाने के लिए सबसे शुभ दिशा उत्तर-पूर्व दिशा या ईशान कोण मानी जाती है। यह दिशा आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है और घर में समृद्धि, शांति और स्वास्थ्य में सुधार लाती है।

इसके अलावा, पूर्व दिशा में भी किचन गार्डन बनाने से घर के सदस्यों को शारीरिक और मानसिक शांति मिलती है। इस दिशा में सूरज की पहली किरणें सीधे आती हैं, जो पौधों की वृद्धि के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण होती हैं। यदि आप इस दिशा में किचन गार्डन बना रहे हैं तो आपके पूरे घर में इसके सकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। वास्तु के अनुसार किचन गार्डन के लिए सही पौधों चुनना जरूरी है

अगर आप घर में किचन गार्डन बना रहे हैं तो आपको वास्तु शास्त्र के अनुसार सही दिशा के साथ सही पौधों का चयन भी करना चाहिए। किचन गार्डन के लिए हमेशा आप ऐसे पौधे चुनें जो सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा दें और आपके स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी हों।

तुलसी को घर में लगाना अत्यधिक शुभ माना जाता है और यह सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है, इसलिए आप किचन गार्डन में यह पौधा जरूर लगाएं।

साथ ही, इसकी पत्तियां कई स्वास्थ्य लाभ भी देती हैं, जिसकी वजह से इस पौधे का किचन गार्डन में होना जरूरी होता है। इसे पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना सबसे अच्छा होता है।

इसके साथ आप धनिया, पुदीना, अदरक, मेथी जैसे पौधे भी अपने किचन गार्डन में लगा सकती हैं।



## काटते ही काला हो जाता है सेब? आजमाए जरूरी अमेजिंग हैक्स



अक्सर हम देखते हैं कि काटने के कुछ देर बाद ही सेब के टुकड़े भूरे या काले हो जाते हैं। यह भूरापन ऑक्सीडेशन नामक रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण होता है, जो सेब के हवा के संपर्क में आने पर होता है। हालांकि, यह स्वाद को प्रभावित नहीं करता, लेकिन इसका रंग खराब हो सकता है। सेब के कुरकुरेपन और स्वाद को बनाए रखते हुए उन्हें भूरा होने से बचाने के लिए जरूरी टिप्स और ट्रिक्स दिए गए हैं।

**शहद का पानीः** शहद में पेप्टाइड नामक एक कंपाउंड होता है, जिसमें प्रिजर्वेटिव गुण होते हैं। यह सेब को भूरा होने से रोकने में मदद करता है। इसके लिए एक कप पानी में दो बड़े चम्मच शहद मिलाएं। सेब के स्लाइस को इस शहद के पानी में 5 मिनट के लिए भिगोएं। इसे छानकर आप सेब का आनंद ले सकते हैं। इससे न केवल सेब के स्लाइस भूरा होने से बचते हैं, बल्कि एक हल्की मिठास भी जोड़ती है।

**नींबू का रसः** सेब के भूरे होने से रोकने के लिए नींबू का रस सबसे प्रसिद्ध उपायों में से एक है। नींबू के रस में मौजूद एसिडिटी ऑक्सीडेशन प्रक्रिया को धीमा कर देती है। इसके लिए एक कटोरी पानी में थोड़ा नींबू का रस निचोड़ें। सेब के टुकड़ों को इस घोल में लगभग 3-5 मिनट तक भिगोएं। नींबू के रस में मौजूद साइट्रिक एसिड एंजाइमेटिक ब्राउनिंग को रोकता है, जिससे सेब फ्रेश रहता है।

**नमक का पानीः** एक कप पानी में आधा चम्मच नमक घोलें। सेब के स्लाइस को 3-5 मिनट के लिए घोल में भिगोएं, फिर नमकीन स्वाद को हटाने के लिए उन्हें ताजे पानी से 2-3 बार धो लें। इस तरह से सेब काफी देर तक भी काला नहीं होता है।


**कार्बोनेटेड ड्रिंक्सः** क्लब सोडा या लेमन-लाइम सोडा जैसे कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का उपयोग करना एक बढ़िया और प्रभावी समाधान हो सकता है। एसिडिटी और कार्बोनेशन ऑक्सीडेशन प्रक्रिया को धीमा करने में मदद करते हैं। इसके लिए सेब के स्लाइस को कार्बोनेटेड ड्रिंक में कुछ मिनट के लिए डुबोएं। सेब को इससे निकालें और फिर आप इसे एल्युमीनियम फॉयल में रैप करके रख सकते हैं। सेब के स्लाइस को भिगोना काफी मददगार हो सकता है, लेकिन एयरटाइट कंटेनर या प्लास्टिक रैप का उपयोग करने से भूरापन कम करने में मदद मिल सकती है।

### कार्नर न्यूज

### बच्चों को समाज में हर वर्ग के साथ व्यवहार जरूर बताना चाहिए

# निःशक्तजनों से कैसा व्यवहार करना चाहिए, जरूर सिखाएं अपने बच्चों को

आपका बच्चा ठीक है। पूरी तरह स्वस्थ है। मगर उसकी क्लास में पढ़ने वाला एक साथी शारीरिक रूप से अस्वस्थ है। आपका बच्चा आपको उसके बारे में बताता है, लेकिन उससे बात नहीं करता। ऐसे में आपको अपने बच्चे को शारीरिक विकलांगता के बारे में सही ज्ञान देना होगा, ताकि वह उस बच्चे के साथ कोई गलत व्यवहार न करे, क्योंकि सही जानकारी और समझ के अभाव में बच्चे अक्सर अक्षमता को लेकर गलत धारणाएं बना लेते हैं, जो भेदभाव को बढ़ावा दे सकती हैं। बच्चे से आपको खुले मन से बातचीत करनी होगी। आप बच्चे से उसके दोस्त के बारे में पूछें कि उसे उस बच्चे में क्या पसंद है और क्या नहीं। आप धैर्य से बच्चे की बात सुनें। ऐसा करके ही आप उसके मन की बात को समझ पाएंगी और उसे सही ज्ञान दे पाएंगी। आपका सही मार्गदर्शन बच्चे को दोस्त बनाने और उस बच्चे के साथ एक मजबूत बंधन बनाने में मदद कर सकता है।





जब आप बच्चे को समझाने का प्रयास कर रही हों तो उससे सरल भाषा में बात करें और उदाहरणों का उपयोग करें। विभिन्न प्रकार की अक्षमताओं की तुलना करके उसे समझाएं कि हर व्यक्ति अलग होता है। कुछ सफल व्यक्तियों के उदाहरण दें, जिन्होंने अक्षमता को चुनौती दी और जीवन में आगे बढ़े।

### मदद के लिए प्रेरित करें

अपने बच्चे को शारीरिक रूप से असक्षम बच्चे के साथ खेलने और गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उसे उस बच्चे की मदद करने के तरीके बताएं, जैसे कि सामान उठाना या वॉशरूम लेकर जाना। आप बच्चे के सभी सवालों का जवाब ईमानदारी और स्पष्टता से दें, लेकिन गलत जानकारी कभी न दें।

### आपकी भाषा

आप खुद 'विकलांग' जैसे शब्दों के बजाय 'विशेष आवश्यकता वाले' या 'अलग क्षमता वाले' जैसे शब्दों का उपयोग करें, क्योंकि आप जो भी शब्द ऐसे बच्चों के लिए इस्तेमाल करेंगी, वह उनको ही सीखेगा और उनका उपयोग करेगा। खराब भाषा का उपयोग शारीरिक रूप से अक्षम बच्चे के मन को चोट पहुंचा सकता है। इसलिए आप बच्चे को ऐसी किताबें और कहानियां पढ़कर सुनाएं, जिनमें विभिन्न प्रकार की अक्षमता वाले लोग हों।

### मन को बनाएं निर्मल

बच्चे में सहानुभूति और सहिष्णुता विकसित करना बहुत महत्वपूर्ण है। माता-पिता के रूप में आपकी भूमिका है कि आप अपने बच्चे को एक ऐसे समाज के लिए तैयार करें,।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अल पचिनो की पूर्व प्रेमिका ने लव लाइफ पर की बात, बिल माहेर संग रोमांस पर भी बोली



बीते कुछ समय से लोकप्रिय हॉलीवुड अभिनेता अल पचिनो की पूर्व प्रेमिका नूर अलफल्लाह की लव लाइफ को लेकर काफी चर्चा हो रही थी। उनकी और बिल माहेर के रोमांस की अफवाहें लगातार सामने आ रही थीं, जिस पर अब खुज नूर ने जानकारी साझा की है। हाल में ही नूर ने साफ कर दिया कि 68 वर्षीय कॉमेडियन बिल माहेर उनके केवल एक अच्छे दोस्त हैं। इस दौरान उन्होंने अल पचिनो के साथ अलगाव के बाद दोनों के बीच मौजूदा बॉन्डिंग को लेकर भी बात की है। नूर अलफल्लाह ने बिल माहेर संग रोमांस की अफवाहों पर कहा, ₹वह काफी अच्छे हैं, लेकिन हम केवल दोस्त हैं।₹ इस दौरान उन्होंने अपने और अल पचिनों के रिश्ते को लेकर भी जानकारी साझा की है। दरअसल उनसे वहां मौजूद पैपराजी ने पूछा कि 84 वर्षीय गॉडफादर स्टार के साथ उनके अब रिश्ते कैसे हैं, जिसका जवाब देते हुए नूर ने कहा कि वह और पचिनो अब केवल अच्छे दोस्त हैं और अपने एक वर्षीय बच्चे रोमन के माता-पिता है। उन्होंने इस दौरान जोर देते हुए कहा कि रोमांटिक रिश्ते के खत्म हो जाने के बाद भी दोनों के बीच आपसी संबंध काफी बेहतर हैं। पेज सिक्स के मुताबिक, इस महीने की शुरुआत में नूर अलफल्लाह देर रात माहेर के साथ लॉस एंजिल्स में नजर आई थीं। उन्हें उनकी काली सेडान से बाहर निकलते देखा गया था। उससे कुछ ही घंटे पहले, उन्होंने पचिनो के साथ भी समय बिताया था। रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्कर विजेता अभिनेता ने 25 सितंबर को नूर के 30वें जन्मदिन पर उनका साथ दिया था। हालांकि, माहेर के साथ बाहर जाने के बाद, उन्होंने लोगों से कहा कि वे केवल दोस्त थे। उनके प्रतिनिधि ने कहा, ₹अल और नूर बहुत अच्छे दोस्त हैं, वर्षों से हैं तथा अपने बेटे रोमन के सह-माता-पिता हैं।₹ बताते चलें कि साल 2023 में नूर ने रोमन की कस्टडी के लिए आवेदन किया था। अ

### टॉलीवुड

## 'वेट्टैयन' के घाटे की भरपाई करेंगे रजनीकांत, चर्चा का बाजार सरगर्म



रजनीकांत की नवीनतम रिलीज 'वेट्टैयन' बॉक्स ऑफिस की उम्मीदों से मेल खाने में विफल रही है। दिलचस्प स्टार कास्ट के साथ रजनीकांत और अमिताभ बच्चन को एक साथ लाने के बावजूद फिल्म अपने पहले सप्ताह के अंत में दुनिया भर में केवल 207 करोड़ रुपये ही जुटा सकी। अब, ऐसी खबरें सामने आई हैं कि फिल्म के पीछे के प्रोडक्शन हाउस लाइका प्रोडक्शंस ने नुकसान की भरपाई के लिए सुपरस्टार से संपर्क किया है। हालांकि, इस पर आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि लाइका प्रोडक्शन ने 'वेट्टैयन' के वित्तीय झटके की भरपाई करने के लिए रजनीकांत से उनके लिए एक और फिल्म करने के लिए कहा है। अभिनेता से अगले सहयोग के लिए अपना वेतन कम करने का भी अनुरोध किया गया है। कथित तौर पर यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि प्रोडक्शन हाउस की रजनीकांत के साथ आखिरी रिलीज फिल्में 2.0, 'लाल सलाम' और 'दरबार' भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। 'वेट्टैयन' के साथ, निर्माताओं को मुआवजे की उम्मीद थी लेकिन नवीनतम रिलीज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। आगामी सहयोग के बारे में विवरण गुप्त रखा गया है। टीजे ग्नानवेल द्वारा निर्देशित 'वेट्टैयन' में रजनीकांत ने एक बार फिर एक पुलिस वाले की भूमिका निभाई। इससे पहले, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, फिल्म निर्माता ने फिल्म का प्रीक्वल बनाने के अपने इरादे पर विचार किया था। इस बात पर जोर देते हुए कि वह प्रीक्वल के माध्यम से फिल्म में रजनीकांत के किरदार अथियान के चरित्र का पता लगाना चाहते हैं। नानवेल ने साझा किया कि वह एनकाउंटर स्पेशलिस्ट बनने की अपनी यात्रा दिखाना चाहते हैं।

### बॉलीवुड

## छत्तीसगढ़ के युवाओं की हिंदी फिल्म 'भोजली बाई' आईएफपी फेस्टिवल के सीजन 14 में नामांकित



छत्तीसगढ़ अंचल के नवोदित फिल्मकारों अनुराग निर्मलकर और हर्षवर्धन पटनायक की हिंदी फिल्म 'भोजली बाई' को आईएफपी फेस्टिवल के सीजन 14 में नामांकित किया गया। इस वर्ष विश्व के 36000 नामांकन में अपनी एमेच्योर कैटेगरी में 14 वां स्थान इस फिल्म 'भोजली बाई' को प्राप्त हुआ है। यह विश्व की विशालतम फिल्म निर्माण चैलेंज प्रतियोगिता है। इस फिल्म की अंतिम चुनाव प्रक्रिया के परिणाम अक्टूबर 13 को मुंबई में घोषित किए गये। जूरी सदस्यों में अमित शर्मा, देवाशीष मखीजा, कबीर खान, लिजो जोस पेलीसेरी और सोनी तारापूरेवाला हैं। निर्णायकों में नसीरुद्दीन शाह, कबीर खान (बजरंगी भाईजान के निर्देशक), देवाशीष मखीजा (जोरम फिल्म और कई राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों के निर्देशक) और अभिनेता सौरभ शुक्ला थे। इस फिल्म के डायरेक्टर अनुराग निर्मलकर (दुर्ग) और असिस्टेंट डायरेक्टर हर्षवर्धन पटनायक (सारंगढ़-भिलाईयन्स) हैं। इसके पहले हर्षवर्धन की फिल्म 'अननेम्ड्' ने अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में वाहवाही लूटी है। कई छत्तीसगढ़ी फिल्मों के इस कलाकार ने विगत दिनों 'जवानी जिंदाबाद' में अपने हास्य व करूण अभिनय से लोगों को रोमांचित किया है। वर्तमान में हर्षवर्धन, रामगोपाल वर्मा डरावने पिक्चर के डायरेक्टर के साथ मुंबई में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। ज्ञात हो कि हर्षवर्धन वीरेन्द्र पटनायक, वैगन रिपेयर शॉप (टी एंड डी), भिलाई इस्पात संयंत्र, वरिष्ठ छायाकार के सुपुत्र हैं।

## स्पेस का फैशन

इस साल फैशन शो के जीवंत परिदृश्य में स्पेसवॉक थीम को पेश किया है लंदन फैशन वीक ने। अंतरिक्ष में फिलहाल तो कम लोग ही जा सकते हैं लेकिन वहां की वेशभूषा में फैशन को परिभाषित करना बुरा विचार नहीं है। यह थीम भारतीय दर्शकों को एक दिव्य क्षेत्र में ले जाने का वादा करती है जहाँ यह शैली विस्मयकारी ब्रह्मांड से मिलती है। यह थीम न केवल कल्पना को मोहित करती है, बल्कि सांसारिक परंपराओं को बाहरी अंतरिक्ष के रहस्यों के साथ मिलाकर भारतीय फैशन की विविधता का जश्न भी मनाती है।



लाइफ स्टाइल

## घर पर ही तैयार करें बिना केमिकल वाला शैंपू

हर लड़की चाहती है कि उसके बाल कमर से भी लंबे हों और रेशम से लहराते रहें, लेकिन प्रदूषण की वजह से ऐसा हो पाना काफी मुश्किल हो जाता है। प्रदूषण के साथ-साथ बाहरी खान-पान भी बालों के डैमेज होने का एक बड़ा कारण है। इसी के चलते बालों को सही पोषण नहीं मिल पाता, जिस वजह से बाल झड़ने लगते हैं।

बालों की देखभाल के लिए ज्यादातर महिलाएं खूब महंगे-महंगे शैंपू भी इस्तेमाल करती हैं, लेकिन उसका भी कुछ ज्यादा लाभ उन्हें नहीं मिल पाता है। ऐसे में अगर केमिकल वाले शैंपू की वजह से आपके बाल लगातार झड़ रहे हैं तो घर पर चार चीजों के इस्तेमाल से शैंपू तैयार करें।

यहां हम आपको घर पर ही शैंपू बनाने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं। इस शैंपू को बनाने के लिए जिन चीजों का इस्तेमाल किया गया है, वो सभी बालों के लिए काफी लाभदायक हैं।



### शैंपू बनाने की विधि

घर पर शैंपू बनाना काफी आसान है। इसके लिए आपको 5-6 रीठा, 2 चम्मच आंवला पाउडर, 5-6 शिकाकाई फली, और 1 चम्मच मेथी दाना की जरूरत पड़ेगी। शैंपू तैयार करने के इन सभी चीजों को 2-3 कप पानी में रात भर भिगोकर रखें। इसके बाद अगले दिन इसे धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक उबालें। कुछ समय के बाद मिश्रण को ठंडा होने दें, फिर इसे छानकर शैंपू की तरह इस्तेमाल करें। इसे 1-2 सप्ताह तक फ्रिज में स्टोर किया जा सकता है। नियमित रूप से इस शैंपू के इस्तेमाल से आपके बाल प्राकृतिक रूप से साफ और स्वस्थ रहेंगे।

## ऐसे पहनें साड़ी, देखते ही पति देव हो जाएंगे खुश




साड़ी एक पारंपरिक परिधान है और आमतौर भारतीय महिलाएं रोजाना ही साड़ी पहनती हैं। ऐसे में महिलाओं के मन में इन दिनों यही सवाल घूम रहे है कि त्यौहारों और शादियों में आखिर कैसे साड़ी पहने कि आप और दिनों से अलग दिखें? तो चलिए जानते हैं कि आप अपनी पारंपरिक साड़ी पहनने के तरीके में बदलाव करके त्यौहारों और शादियों में अलग दिख सकती हैं।



इन दिनों त्यौहारों और शादियों का माहौल है। महिलाएं अपनी तैयारियों में जुटी है। महिलाओं ने शॉपिंग भी कर ली है और अब महिलाओं के दिमाग में यही सवाल घूम रहे हैं कि वह त्योहार के लिए कैसे तैयार हों। आमतौर पर महिलाएं इस दिन साड़ी या लहंगा पहनती हैं। ऐसे खास मौकों पर अगर आप कुछ अलग नजर आना चाहती हैं तो अपने रेगुलर साड़ी स्टाइल में बदलाव कर कुछ अलग ट्राई कर सकती हैं। जिससे आप बिलकुल अलग नजर आएंगी। चलिए आपको कुछ साड़ी पहनने के कुछ अलग स्टाइल्स के बारे में बताते हैं, जो आपके लुक को और निखारेगा।

### रेट्रो लुक स्टाइल कॉइल्ड साड़ी

त्यौहारों और शादियों में आप रेट्रो लुक कॉइल्ट साड़ी ट्राई कर सकती हैं। ये आजकल महिलाओं की पहली पसंद बना हुआ है। इसे कॉइल की तरह लपेटा जाता है। इस दौरान इस बात का ध्यान जरूर रखें कि नया कॉइल अपनी लास्ट कॉइल से कुछ इंच ऊपर आए। ऐसे साड़ी पहनने पर देखकर लगता है कि चलने में मुश्किल होगी, लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं है।

### जलपरी स्टाइल साड़ी

अगर आप त्यौहारों और शादियों में कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं तो आप जलपरी स्टाइल साड़ी ट्राई कर सकती हैं। अगर आपकी बॉडी फिट है तो ये आप पर खूब जमेगी। इसके लिए आप जॉर्जेट, शिफॉन या किसी भी मुलायम फैब्रिक वाली साड़ी का चुनाव कर सकती हैं।

### जैकेट के साथ साड़ी

वेलवेट या कढ़ाईदार जैकेट के साथ साड़ी भी त्यौहारों और शादियों में आप ट्राई कर सकती हैं।


## बालों में गजरे की जगह लगाएं ये एक्सेसरीज, लुक दिखेगा अलग

त्यौहारों और शादियों का दिन हर भारतीय महिला के लिए बेहद खास होता है। इन दिनों में महिलाएं नए-नए कपड़े से लेकर गहने तक पहनती हैं। सजने के लिए बहुत सी महिलाएं बालों में गजरा लगाती हैं। ऐसे में अगर आप अलग दिखना चाहती हैं तो गजरे की जगह अलग अपने बालों में अलग तरह की हेयर एक्सेसरीज लगाएं। गोल्ड एक्सेसरीज

ऐसी एक्सेसरीज को आप घर पर ही तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आपको चार से पांच पेंडेंट चाहिए होंगे। इसे एक दूसरे में अटैच करके अपनी चोटी में लगाएं। ये आपको रॉयल लुक देने का काम करेगी। इसके साथ ज्वेलरी हल्की ही पहनें।

**मिरर परांदा:** कुछ अलग स्टाइल की एक्सेसरीज ट्राई करनी है तो ऐसी शीशे लगी हेयर एक्सेसरीज ट्राई करें। इसे आप चाहें तो चोटी में अटैच करें। अगर चोटी नहीं बनानी तो आप जूड़ा बनाकर इसे उसमें भी लपेट सकते हैं। जूड़े में लगाते वक्त आपको इसके नीचे का परांदा हटाना पड़ेगा।

**नकली गजरा :** अगर आपको गजरा लगाने का मन है, लेकिन असली फूलों का इस्तेमाल नहीं करना तो ऐसे नकली गजरे का इस्तेमाल आप कर सकती हैं। ऐसी हेयर एक्सेसरीज सिर्फ स्लीक बन के साथ ही अच्छी लगती है।



**क्रोशिया स्क्रंची:** आजकल लड़कियों को बालों में रबड़ बैंड बांधने की वजह स्क्रंची बांधना पसंद आता है। ऐसे में आप अपने लुक में स्क्रंची एड कर सकती हैं। इसके लिए अपने आउटफिट से मैचिंग क्रोशिया स्क्रंची का इस्तेमाल करें। इसका इस्तेमाल आप बन बनाकर कर सकती हैं।

**पारंपरिक परांदा:** :अगर बाल लंबे हैं तो इससे बेहतर एक्सेसरीज तो कोई हो ही नहीं सकती। ऐसे में आप अपनी चोटी में इसी तरह का पारंपरिक परांदा लगा सकती हैं। इसे लगाने के बाद आपको गजरा लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## आसान स्टेप्स से घर पर ही करें फेशियल

बहुत सी महिलाएं तो पार्लर जाकर फेशियल कराती हैं, ताकि त्यौहारों और शादियों के दिन उनका चेहरा दमकता रहे। अगर आपके पास पार्लर जाने का समय नहीं है तो आपको घर पर फेशियल करने का तरीका जरूर जानना चाहिए। घर पर फेशियल करने से आप पैसे और समय दोनों बचाएंगी।

**क्लींजिंग :** फेशियल का सबसे पहला और अहम स्टेप है क्लीजिंग। इस स्टेप के लिए आप एक माइल्ड फेस क्लींजर का इस्तेमाल कर सकती हैं। क्लींजर को चेहरे पर लगाकर सर्कुलर मोशन में धीरे-धीरे मसाज करें। फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। चेहरा धोने के बाद चेहरे को रगड़े नहीं, बल्कि हल्के तौलिये से साफ करें।

**स्क्रबिंग :** फेशियल का दूसरा स्टेप है चेहरे को स्क्रब करना। इसके लिए आपको जेंटल स्क्रब की जरूरत पड़ेगी। आप चाहें तो अपनी स्किन टाइप के हिसाब से बाजार में मिलने वाले स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर ये नहीं करना, तो घर पर ही स्क्रब तैयार करें। स्क्रब को चेहरे पर लगाकर 2-3 मिनट तक हल्के हाथों से रगड़ें। ध्यान रखें कि नाक और ठुड्डी के आसपास ज्यादा ध्यान दें, क्योंकि इन जगहों पर ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स ज्यादा होते हैं।

**स्टीमिंग :** अब बारी आती है स्टीमिंग है। इसकी मदद से चेहरा गहराई से साफ होता है। इसके लिए एक



बर्तन में गर्म पानी लें और सिर पर तौलिया डालकर भाप लें। आप चेहरे की स्टीमिंग 5-10 मिनट तक करें, इसके बाद पोर्स बंद करने के लिए ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इससे चेहरा अंदर तक साफ होगा।

**मास्क :** फेशियल करने के लिए सही मास्क का इस्तेमाल बेहद जरूरी होता है। ऑयली स्किन के लिए क्ले मास्क और ड्राई स्किन के लिए हाइड्रेटिंग मास्क सबसे अच्छा होता है। इस मास्क को 15-20 मिनट तक चेहरे पर लगाकर रखें और फिर ठंडे पानी से धो लें। इससे चेहरा खिल उठेगा।

**टोनिंग :** फेशियल में सही टोनर का इस्तेमाल करना जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये त्वचा के पीएच स्तर को बैलेंस करता है और पोर्स को बंद करता है। एक कॉटन पैड पर टोनर लगाकर चेहरे पर हल्के हाथों से लगाएं।

कार्नर न्यूज

### सिर्फ बालों को पीछे कर लेना स्टाइल नहीं बल्कि करना पड़ता है बहुत कुछ

## 'स्लिक हेयर बैक' स्टाइल के लिए करनी होती है खास तैयारी, कुछ खास टिप्स आएंगे आपके काम

'स्लिक हेयर बैक' में आपने कई नौजवानों को देखा होगा। लेकिन बालों को सिर्फ पीछे कर लेने से ही ये स्टाइल नहीं बन जाता है। बल्कि इसके लिए कुछ तैयारी भी करनी होती है। ताकि ये स्टाइल कुछ देर तक तो रुके ही। इसके लिए बालों को स्टाइल देने के दौरान भी कुछ टिप्स फॉलो करने होंगे। इतना ही नही ये स्टाइल देने के पहले भी कुछ टिप्स आजमा लिए जाएं तो ये स्टाइल कैरी करना आसान हो जाता है।

बालों को धोने के बाद इन्हें हवा में सूखने न दें। बल्कि इन्हें टॉवल से बस पोंछ दें। दरअसल हल्के गीले बालों में स्टेलिंग प्रोडक्ट अच्छे से एक्टिवेट हो पाते हैं।बाल ग्रीसी न हों, याद रखें क्योंकि बाल जितने ज्यादा ग्रीसी होंगे इनका स्टाइल उतनी ही जल्दी खराब होता जाएगा। इस हेयर स्टाइल के लिए बड़े दांतों वाला कंघा ही इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से पीछे की ओर जाते हैं। अब कंघे को शुरू में रूट से पीछे की ओर



न ले जाएं। बल्कि शुरू में इन्हें बालों के अंत की ओर से चलाएं। इसके बाद धीरे-धीरे रूट से कंघा चलाना शुरू करें। अब बालों को थोडा आराम दें। ये कुछ देर में अपनी जगह सेट हो जाएंगे। बालों को पूरी तरह ब्लो ड्राय न करें। इससे बालों को स्ट्रेट होने में मदद मिलेगी। अब आप चाहें तो बालों को स्ट्रेट या अपनी जगह स्टिक रखने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को बालों के बाहर की ओर लगाएं। इनको 15 से 20 सेकंड के लिए सेटेल होने दीजिए। अब अपने हाथों को बालों के ऊपर चलाएं ताकि प्रोडक्ट पूरे सिर पर आसानी से फैल सके। प्रोडक्ट के हाथों में लग जाने का डर है तो हल्के गर्म पानी में हाथों को डुबो लें और फिर बालों में प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करें। अब बालों में कंघे का इस्तेमाल करें। इसे फॉरहेड से पीछे की ओर ले जाएं। आप चाहें तो इन्हें ब्लो ड्राय कर सकते हैं। लेकिन बालों में बार-बार हाथ न लगाएं।

इसी तरह सिल्क रैप ट्रीटमेंट के बारे में शायद आपने ना सुना हो और आप यह सोच रही हों कि सिल्क रैप क्या है और बालों को सिल्क रैप कैसे करें? यह एक न्यू हेयर ट्रीटमेंट टेक्निक है, जो एक ही बार में आपके बालों को सिल्की और शाइनी लुक देता है।



पिछले कुछ समय में सिल्क रैप ट्रीटमेंट काफी पॉपुलर हुआ है, क्योंकि यह अन्य हेयर ट्रीटमेंट की तरह बालों को नुकसान नहीं पहुंचाता है। सिल्क रैप का उपयोग करके सीधे बाल प्राप्त करना आसान और सुरक्षित हो जाता है। साथ ही, इसमें कठोर रसायनों का इस्तेमाल करने की भी जरूरत नहीं पड़ती है। इसमें रैप का इस्तेमाल करके बालों को स्ट्रेट और स्मूद लुक दिया जाता है।

### सिल्क रैप के फायदे

सिल्क रैप तकनीक करना बिल्कुल भी कठिन नहीं है, और आप अपने बालों को नुकसान पहुंचाए बिना एक बेहतरीन रिजल्ट पा सकती है। अगर आपके हेयर नेचुरल कर्ली हैं, तो प्रोसेस थोड़ा कठिन हो सकता है, लेकिन पहले से सीधे बालों या वेव्स हेयर पर इसे बेहद आसानी से किया जा सकता है। जिन महिलाओं के बाल प्राकृतिक रूप से घने और घुंघराले (कर्ली हेयर की ऐसे करें देखभाल)होते हैं, उन्हें सिल्क रैपिंग से काफी फायदा हो सकता है। यह कुछ ऐसा है जिसे घर में भी आराम में किया जा सकता है।